भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019)
PUNJAB KESARI HISSAR

# पंजाब केसरी

हिसार
शनिवार, 30 नवम्बर 2024
तदनुसार 15 मार्गशीर्ष, विक्रमी सम्वत 2081
वीर सम्वत 2551
वर्ष 6, अंक 174
पृष्ठ 10+4=14
मूल्य ₹ 4.00

Saturday, 30 November 2024 www.punjabkesari.in हिसार • पानीपत • चंडीगढ़ • जालंधर • लुधियाना • बठिंडा • शिमला • पालमपुर • जम्मू • अजमेर से प्रकाशित जालन्धर हैड ऑफिस : 0181-5067200, 2280104/7. सर्कुलेशन : 0181-5067251

### उत्तरकाशी व वानूआतू में भूकंप

देहरादून, 29 नवम्बर (इंट.): उत्तरकाशी के मोरी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित एक द्वीप राष्ट्र वानूआतू में आए भूकंप की तीव्रता 4.6 दर्ज की गई।

# किसानों और सरकार के बीच सहमति, अस्पताल से खनौरी बॉर्डर पहुंचे डल्लेवाल

पटियाला/सनौर/चंडीगढ़, 29 नवम्बर (जोसन, विनय): खनौरी और शंभू बार्डरों पर 12 किसानी मांगों को लेकर चल रहा संघर्ष आज और तीखा हो गया। किसानों की तरफ से मुख्यमंत्री की कोठी के घेराव के ऐलान को देखते हुए आज सुबह से ही पटियाला रेंज के डी.आई.जी. मनदीप सिंह सिद्धू, आई.जी. इंटैलीजैंस जसकरण सिंह, एस.एस.पी. डा. नानक सिंह की पूरी टीम ने मोर्चे के प्रमुख नेता सरवन सिंह पंधेर और उनकी टीम के साथ मीटिंग करके डल्लेवाल को अस्पताल से वापस भेजने का फैसला कर दिया। इसके चलते देर रात जगजीत सिंह डल्लेवाल खनौरी बार्डर पर आकर मरणव्रत पर बैठ गए।

वहीं, मीटिंग के बाद डी.आई.जी. मनदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत ठीक नहीं थी। यही कारण है कि हमें सबसे पहले उनकी सेहत की फ्रिक थी।

इसके चलते हमने उनको 4 दिन पहले डी.एम.सी. में दाखिल करवाया था, जहां उनके बाकायदा सभी टैस्ट और योग्य इलाज हुआ है।

आज डी.एम.सी. की मैडीकल टीम ने उनके स्वस्थ होने की पुष्टि की है, जिसके चलते आज हमने उन्हें वहां से छुट्टी दिला दी है। उधर, सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम डी.एम.सी. लुधियाना से जगजीत सिंह डल्लेवाल को ले आए हैं और वह खनौरी बार्डर पर अपना मरणव्रत चालू रखेंगे।

उन्होंने कहा कि 1 दिसम्बर को मुख्यमंत्री की कोठी का घेराव मुल्तवी कर दिया है।



किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल से छुट्टी करवाकर खनौरी बार्डर ले जाते सरवन सिंह पंधेर और उनकी टीम। (जोसन)

### हरियाणा के किसानों का ऐलान, 6 दिसम्बर को पैदल ही करेंगे दिल्ली कूच

**अम्बाला शहर, (मुकेश):** शहर अनाज मंडी स्थित किसान भवन में किसान जत्थेबंदियों ने 6 दिसम्बर को दिल्ली कूच के संबंध में पत्रकारवार्ता की। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह से किसान नेता मंजीत सिंह मच्छौंडा, सुखदेव सिंह जलबेहड़ा, बलजीत सिंह दुराना, बलकार सिंह मच्छौंडा आदि ने कहा कि सरकार उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाने से मना कर रही है। उन्होंने भी निर्णय लिया है कि वे पैदल ही 6 दिसम्बर को दिल्ली जाएंगे।

उन्होंने कहा कि किसान और किसानी को बचाने के लिए दिल्ली जाना बहुत जरूरी है।

# शिव सेना (शिंदे) ने सी.एम. पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांगा

## ■ 'महायुति' की बैठक टली; एकनाथ शिंदे गए पैतृक गांव

मुम्बई, 29 नवम्बर (एजैंसियां): महाराष्ट्र में नई सरकार बनाने को लेकर पेच फंस गया है। सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना (शिंदे) मुख्यमंत्री पद के बदले गृह और वित्त मंत्रालय मांग रही है। इसलिए मुंबई में शुक्रवार को होने वाली महायुति की अहम बैठक टाल दी गई।



सूत्रों के मुताबिक कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अचानक अपने पैतृक गांव सातारा चले गए हैं। अब महायुति की बैठक 1 दिसम्बर को होने के आसार हैं। रविवार सुबह तक भाजपा के 2 पर्यवेक्षक दिल्ली से मुंबई आएंगे। इनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की मीटिंग होगी। इसमें 2 ऑब्जर्वरों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा मराठा चेहरे पर भी विचार कर सकती है।

सूत्रों के मुताबिक उसके बाद 5 दिसम्बर को मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है।

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही दिल्ली में 'महायुति' के तीनों अहम नेताओं, देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की बैठक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के घर हुई। बताया जाता है कि इसमें देवेंद्र फड़नवीस के सी.एम. बनने और अहम विभागों के बंटवारे को लेकर सबकुछ तय हो चुका है। अब इससे आगे की बैठक आज मुंबई में होने वाली थी।

एकनाथ शिंदे के बैठक छोड़कर अचानक जाने से अनुमान लगाया जा रहा है नई सरकार के गठन को लेकर नाराज हैं। अब शिंदे के वापस आने के बाद परसों यह बैठक होने की उम्मीद है। शिवसेना प्रवक्ता मनीषा कायंदे ने इस बात की पुष्टि कि मुख्यमंत्री शिंदे के आज के सभी अप्वॉइंटमैंट्स कैंसिल कर दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार गठन को लेकर हो रही बातचीत सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। शिवसेना सूत्रों के मुताबिक शिंदे सतारा में महाबलेश्वर के पास स्थित अपने गृहस्थान डारे गए हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक अभी मुख्यमंत्री और डिप्टी सी.एम. की पोस्ट को लेकर बातें स्पष्ट हैं। लेकिन कुछ मंत्रिपद को लेकर बातचीत अटकती नजर आ रही है।

एक सी.एम. और दो डिप्टी सी.एम. का फॉर्मूला जारी रहने का अनुमान है। लेकिन नई सरकार में एकनाथ शिंदे खुद डिप्टी सी.एम. बनने के इच्छुक नहीं हैं। शिवसेना के विधायक और प्रवक्ता संजय शिरसाट ने कहा कि उनके डिप्टी सी.एम. बनने की संभावनाएं कम हैं।

मुख्यमंत्री रहने के बाद डिप्टी सी.एम. बनना ठीक नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि शिंदे की जगह यह पद शिवसेना में किसी और को दिया जाएगा।

### शिवसेना (शिंदे) को 12, राकांपा को मिल सकते हैं 9 मंत्रिपद

बताया जाता है कि नई सरकार में भाजपा अपने पास गृह मंत्रालय रखेगी। इसके अलावा, अजित पवार की राकांपा के पास वित्त और शिंदे की सेना के पास शहरी विकास व पी.डब्लू.डी. रहेगा। सरकार में भाजपा को 22 मंत्री, शिवसेना (शिंदे) को 12 और राकांपा को 9 मंत्रिपद मिलने का अनुमान है।

## क्विक रीड

### तिरुपति लड्डू में मिलावटी घी की एस.आई.टी. जांच शुरू



तिरुपति (आंध प्रदेश), 29 नवम्बर (प.स.): विशेष जांच दल (एस.आई.टी.) ने पिछली वाई.एस. आर.सी.पी. सरकार के दौरान तिरुमला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

आंध्र प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु वसा के उपयोग के आरोपों की जांच के लिए एक स्वतंत्र एस.आई.टी. गठित करने का निर्देश दिया था।

### दिल्ली के स्कूल में बम की धमकी



नई दिल्ली: बम की धमकी मिलने के बाद वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल के सामने से गुजरती महिला।

नई दिल्ली, 29 नवंबर (प.स.): दिल्ली में रोहिणी के एक निजी स्कूल को शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां वीरवार को कम तीव्रता का धमका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्कूल परिसर में गहन तलाशी के बाद धमकी महज अफवाह साबित हुई। एक अधिकारी के अनुसार, ईमेल के जरिए 'वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल' (वी.जी.एस.) को बम की धमकी के संबंध में दिल्ली पुलिस की तरफ से सुबह 10 बजकर 57 मिनट पर सूचना मिली थी।

## अडानी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार

# 4 दिन में 40 मिनट चली संसद, कार्रवाई 2 दिसम्बर तक स्थगित

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (प.स.): विपक्ष के हंगामे के बीच की संसद की कार्रवाई 2 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। 4 दिन में सदन की कार्रवाई सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ।



नई दिल्ली: राज्यसभा में हंगामा करते विपक्षी दलों के सदस्य।

अडानी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्रवाई शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया। हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए। बिरला के बार-बार अपील करने के बाद भी आसन के समीप खड़े कांग्रेस और सपा सांसदों की नारेबाजी जारी रही।

हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्रवाई पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे निचले सदन की बैठक फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। शोरशराबा जारी रहने पर पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

उधर, राज्यसभा में भी हंगामे के बाद कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### कांग्रेस व सपा नेताओं ने आसन के समीप की नारेबाजी

निचले सदन की कार्रवाई आरंभ होने पर जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे।

कांग्रेस सदस्य अडानी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा उठाते देखे गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्रवाई चलने देने की अपील की।

## दोहरे हत्याकांड के 8 दोषियों को उम्रकैद, 9 बरी



दोषियों को अदालत ले जाते पुलिसकर्मी

हिसार, 29 नवम्बर (स्वामी): अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. गगनदीप मित्तल की अदालत ने रंजिशन 2 व्यक्तियों की हत्या करने के मामले में गांव रोशनखेड़ा गांव के सोनू, बेधड़क, अजमेर, नितिन, समुन्द्र, वीरेन्द्र, कर्मबीर व कुलबीर को उम्रकैद तथा 31-31 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है जबकि 9 आरोपियों को बरी किया है।

नारनौंद थाना पुलिस ने इस संबंधी 27 जुलाई 2016 को केस दर्ज किया था। अदालत में चले अभियोग अनुसार गांव रोशनखेड़ा के वजीर सिंह ने पुलिस को बताया था कि शाम करीब 5 बजे अपने भाई बलजीत के घर के सामने खड़ा था। तभी गांव के वीरेन्द्र, कुलबीर, समुन्द्र, अजमेर, जगमेन्द्र, कर्मबीर, सतबीर, दलेल, वीरेन्द्र पुत्र खजान सिंह, दलजीत, सोनू, मोहन, सोमबीर, पवनजीत, नवदीप, नितिन और कुछ महिलाएं उसके भाई बलजीत के घर में घुस गए। उनके हाथों में गंडासे व फरसे थे। सभी बलजीत, दलबीर, सुनील, सुनीता, नवीन, नेहा व नैन्सी पर हमला बोल दिया।

बलजीत को गहरी चोटें लगने कारण उसने मौके पर दम तोड़ दिया। जाते समय हमलावर यह धमकी देकर चले गए कि अभी तो 5 अन्य लोगों को भी मारना है। घायल दलबीर ने भी बाद में इलाज दौरान दम तोड़ दिया था।

## बंगलादेश ने हिंदू संत चिन्मय व अन्य 16 के बैंक खाते किए फ्रीज

ढाका, 29 नवम्बर (वार्ता): बंगलादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बी.एफ.आई.यू.) ने इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया।



ढाका ट्रिब्यून ने बी.एफ.आई.यू. के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं।

बी.एफ.आई.यू. ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, के.वाई.सी. फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है।

## ड्यूटी पर जा रही नर्स के साथ गैंगरेप

■ प्राइवेट पार्ट में डाला डंडा व लाल मिर्च पाऊडर ■ 2 आरोपी हिरासत में

जालौन, 29 नवम्बर (इंट.): उत्तर प्रदेश के जालौन में नर्स के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मांडव चुरखी थाना क्षेत्र में ड्यूटी पर जा रही स्टाफ नर्स को 4 बदमाश जबरन झाड़ियों के पीछे खींच ले गए और उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

दरिंदगी के बाद बदमाशों ने पीड़िता के प्राइवेट पार्ट में डंडा व लाल मिर्च पाऊडर डाल दिया। ग्रामीणों ने बेहोश स्टाफ नर्स को अस्पताल में भर्ती करवाकर पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के मुताबिक, जालौन के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गैंगरेप पीड़िता तैनात है। इस सनसनीखेज वारदात को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पीड़िता को गंभीर हालत में मैडीकल कॉलेज रैफर किया गया है। पुलिस ने 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 26 फरवरी से

भिवानी, 29 नवम्बर (दीपक कुमार): हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सैकेंडरी-सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक व मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाओं का अस्थायी शैड्यूल जारी कर दिया गया है। ये परीक्षाएं 26 फरवरी, 2025 से संचालित होंगी। परीक्षाओं का तिथि पत्र बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर शीघ्र ही अपलोड कर दिया जाएगा।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 26 फरवरी से आरंभ होकर 28 मार्च तक तथा सैकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की परीक्षाएं 27 फरवरी से आरंभ होकर 15 मार्च तक चलेंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा शैड्यूल जारी करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी समय रहते शुरू कर सकेंगे जिससे उन्हें परीक्षा की चिंता से उबरने और परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## भारत-श्रीलंका की नौसेनाओं ने जब्त की 500 किलो ड्रग्स

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (अनस): भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं के एक संयुक्त अभियान में अरब सागर में मछलियां पकड़ने वाले 2 जहाजों से लगभग 500 किलो मादक पदार्थ 'क्रिस्टल मेथामेफ्टामाइन' जब्त किया गया।



नई दिल्ली: जब्त की गई ड्रग्स व गिरफ्तार किए गए आरोपियों के साथ नौसैनिक।

अधिकारियों ने कहा कि श्रीलंकाई नौसेना से मिली गुप्त जानकारी के आधार पर संयुक्त अभियान चलाया गया था।

भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि श्रीलंकाई नौसेना से मिली जानकारी और भारतीय नौसैनिक विमानों की हवाई निगरानी के आधार पर दो जहाजों की पहचान की गई। बयान में कहा गया है, "इसके बाद समन्वित अभियान के तहत दोनों जहाजों को रोककर उनमें से ड्रग्स बरामद की गई।

## पायलट सुसाइड केस

# सृष्टि-ब्वायफ्रैंड के बीच 11 कॉल हुए

## ■ वीडियो कॉल में बोली-सुसाइड करने जा रही हूं

नई दिल्ली, 29 नवम्बर (इंट): एयर इंडिया की पायलट सृष्टि तुली सुसाइड केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जांच कर रही मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आत्महत्या से पहले सृष्टि और उसके ब्वायफ्रैंड आदित्य के बीच 11 बार फोन पर बात हुई।



सृष्टि ने आदित्य को वीडियो कॉल भी किया, जिसमें उसने बताया कि वह सुसाइड करने वाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस पूछताछ में आदित्य ने बताया कि उसने सृष्टि को धमकी देते हुए कहा था कि अगर उसने सुसाइड किया तो वह भी आत्महत्या कर लेगा। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या से पहले सृष्टि और आदित्य के बीच व्हाट्सऐप पर चैटिंग भी हुई थी।

इनमें से कई मैसेज आदित्य ने डिलीट कर दिए हैं। पुलिस मैसेज रिकवर करने की कोशिश कर रही है।

25 नवम्बर को 25 साल की पायलट सृष्टि का शव मुंबई में फ्लैट में मिला था। उसने डाटा केबल से फांसी लगाई थी। आरोप है कि उसने ब्वायफ्रैंड से परेशान होकर आत्महत्या की है। सृष्टि के चाचा की शिकायत के बाद आरोपी को 26 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया।

### आदित्य ने ब्लॉक कर दिया था सृष्टि का नंबर

सृष्टि आदित्य के साथ रिलेशन में काफी परेशान थी, लेकिन वह उसे छोड़ना नहीं चाहती थी। एक बार आदित्य अपने पारिवारिक समारोह में सृष्टि को साथ ले जाना चाहता था। उसने सृष्टि पर इसके लिए दबाव डाला। दोनों के बीच बहस हुई तो आदित्य ने सृष्टि का नंबर लगभग 10-12 दिनों के लिए ब्लॉक कर दिया था, जिससे वह परेशान हो गई थी।

मार्च में आदित्य और सृष्टि अपने दोस्तों के साथ गुरुग्राम में डिनर करने गए थे। रैस्टोरैंट में भी आदित्य ने सृष्टि का अपमान किया। उसने सृष्टि को नॉनवैज खाने से रोका और उसे बाहर वैज खाना खिलाने ले गया।



## शहीद परिवार फंड–दानियों की सूची



स्व. श्री डा. मदन गोपाल बत्ता की 26वीं पुण्यतिथि पर पुत्र राजीव कुमार बत्ता ने सोलन से 5100/- रुपए भेजे।



स्व. सोहन लाल कत्रौजिया की 31वीं पुण्यतिथि पर पुत्र अशोक एवं पौत्र अतुल, नितिन कत्रौजिया ने होशियारपुर से 3100/- रुपए भेजे।



जम्मू-कश्मीर में घायल हुए सचिन कुमार को 50,000/- रुपए की एफ.डी.आर. देते हुए ट्रस्टी मंगत राम पासला।

| | |
|---|---|
| राजीव कुमार बत्ता, सोलन | 5100.00 |
| अशोक कुमार, होशियारपुर | 3100.00 |
| रसीद न. 84619 से 84673 दिनांक 28.11.2024 तक लघुदान | 2090.00 |
| आज का योग | 10,290.00 |
| पिछला योग | 28,77,537.00 |
| कुल योग | 28,87,827.00 |
| आज सचिन कुमार को दी गई एफ.डी.आर. | 50,000.00 |
| इस वित वर्ष 35 परिवारों को कल तक दी गई एफ.डी.आर्ज. | 25,90,000.00 |
| शेष योग | 2,47,827.00 |
| शहीद परिवार फंड के नाम बैंक में पड़ी एफ.डी.आर्ज. व उस पर ब्याज | 2,91,58,614.50 |
| कुल 10584 पीड़ित परिवारों को आज तक दी गई राशि | 18,86,71,900.00 |
| कुल राशि | 21,80,78,341.50 |

1. फोटो 3100 रुपए या अधिक देने वालों की छपेगी।
2. नकद व ड्राफ्ट कार्यालय में जमा करवाने का समय-12 PM से 8 PM.
3. NEFT के लिए-यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सिविल लाइंस, जालंधर I A/c. No. 308302010024188, IFSC Code: UBIN0530832.
4. दानी सज्जन राशि ट्रांसफर करके 9872457650 पर व्हाट्सएप करें तथा अपना आधार या पैन नंबर साथ जरूर भेजें।

**दान यहां भेजें : शहीद परिवार फंड**
**पंजाब केसरी ग्रुप, सिविल लाइंस, जालंधर-144001**
**Donation Eligible U/s 80G Income Tax**

# हुड्डा का नेता प्रतिपक्ष बनना मुश्किल, जल्द खाली होगी सरकारी कोठी!

### सैक्टर-7 की 70 नंबर कोठी पर निकाय मंत्री विपुल गोयल की नजर



*सैक्टर-7 में हुड्डा को अलॉट 70 नम्बर कोठी।*

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (अविनाश पांडेय): पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष के नाते 5 वर्ष पहले चंडीगढ़ के सैक्टर-7 में अलॉट हुई सरकारी कोठी जल्द खाली हो जाएगी। सूत्रों की मानें तो खुद हुड्डा ने अगले 15 दिन में सरकारी कोठी खाली करने के लिए अफसरों को आश्वस्त किया है। हुड्डा की इस 70 नंबर सरकारी कोठी पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की नजर है। विपुल पहले भी इस कोठी में रह चुके हैं।

बताया गया कि गोयल की ओर से इस कोठी को अलॉट करने का आग्रह भी किया गया है। हुड्डा के कोठी खाली करने की इस कवायद से अब उनके नेता प्रतिपक्ष नहीं बनने की चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि इसका फैसला कांग्रेस हाईकमान को करना है लेकिन कांग्रेस का एक गुट किसी भी तरह से हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनने देना चाहता। कांग्रेस नेताओं की ओर से कहा जा रहा है कि हुड्डा के नेता प्रतिपक्ष नहीं बनने की स्थिति में उनके किसी नजदीकी विधायक को यह पद मिल सकता है।

### 2019 में हुड्डा को अलॉट हुई थी सरकारी कोठी

वर्ष 2019 में कांग्रेस की ओर से भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष का पद मिला था। नेता प्रतिपक्ष को कैबिनेट रैंक का दर्जा होता है। ऐसे में उन्हें सैक्टर-7 में 70 नंबर कोठी अलॉट की गई थी। इस कोठी में गत 5 वर्ष से कांग्रेस की गतिविधियां संचालित हो रही थी। इससे पहले वर्ष 2014 से 2019 तक हुड्डा चंडीगढ़ के सैक्टर-3 स्थित एम.एल.ए. फ्लैट में रहते थे।

इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेताओं को सरकार बनने का अंदेशा था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। लिहाजा हुड्डा के फिर से नेता प्रतिपक्ष बनने की चर्चा शुरू हुई लेकिन चुनाव परिणाम के 2 माह का समय बीतने के बाद अब तक कांग्रेस पार्टी कोई फैसला नहीं कर पाई है। इतना ही नहीं विधानसभा का एक सत्र भी बिना नेता प्रतिपक्ष के ही बीत गया। हालांकि विधानसभा सदन में हुड्डा ही नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में नजर आ रहे थे, लेकिन पार्टी की ओर से अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### हारे मंत्रियों ने खाली कर दी कोठी, नए मंत्रियों को हुई अलॉट

**सरकार** गठन होते ही पुराने हारे मंत्रियों ने अपने सरकारी आवास को तुरंत प्रभाव से खाली कर दिया था। तकरीबन सभी मंत्रियों को कोठियां अलॉट हो चुकी हैं।

अधिकांश कोठियों में व्यापक स्तर पर मरम्मत का काम चल रहा है। सैक्टर-3 में मुख्यमंत्री आवास के साथ की कोठी वरिष्ठ मंत्री कृष्ण लाल पंवार को अलॉट की गई है। हालांकि वरिष्ठता के क्रम में यह कोठी अनिल विज को अलॉट होनी थी, लेकिन उनके मना करने के बाद यह कोठी पंवार को दी गई है।

### नए नेता प्रतिपक्ष को मिलेगा नया आवास

हुड्डा के सरकारी आवास खाली करने की स्थिति में नए नेता प्रतिपक्ष को नया आवास दिया जाएगा। कैबिनेट रैंक के तहत चंडीगढ़ के सैक्टर-3, सैक्टर-7, सैक्टर-16 और पंचकूला में सैक्टर-12ए में मंत्रियों के लिए आवास बनाए गए हैं।

इनमें से किसी भी सैक्टर-में नए नेता प्रतिपक्ष को आवास मिल सकता है। हालांकि अधिकांश मंत्रियों को सैक्टर-3 व सैक्टर-7 की कोठियां ज्यादा पसंद आती है, लेकिन मौजूदा समय में सैक्टर-7 की 70 नंबर कोठी को छोड़ कर अन्य सभी कोठियां अलॉट हो चुकी हैं।




## भाजपा ने प्रदेश को बनाया नशे का अड्डा : हुड्डा

■ 5 साल में 15 लाख लोग नशे का इलाज करवाने पहुंचे अस्पताल व नशामुक्ति केंद्र



चंडीगढ़, 29 नवम्बर (बंसल): पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि दूध-दही के खाने वाले हरियाणा को भाजपा ने ड्रग्स, अफीम, चिट्टा, हैरोइन, ब्राउन शुगर, स्मैक, चरस, गांजा, कोकीन, भांग और सुलफा का अड्डा बना दिया है।

जब से भाजपा प्रदेश की सत्ता में आई है, नशा कारोबारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है और वह बेखौफ होकर अपना नैटवर्क पूरे प्रदेश में फैला चुके हैं। आज प्रदेश के हर गांव, गली व मोहल्ले तक नशा पहुंच गया है।

हुड्डा का कहना है कि हरियाणा की पहचान उसका शुद्ध, सात्विक खाना, पहलवान, जवान और उनकी तंदुरुस्ती होते थे। लेकिन भाजपा ने नशे के कारोबार को हरियाणा की पहचान बना दिया है। खुद केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से दिसम्बर 2023 में राज्यसभा में रिपोर्ट पेश की गई।

इसके मुताबिक हरियाणा में नशा करने वाले 16.51 फीसदी लोग अफीम और उससे बने नशीले पदार्थ, यहां तक की हैरोइन और चिट्टा का इस्तेमाल करते हैं। 11 प्रतिशत लोग नशे के लिए गांजा, भांग और चरस इस्तेमाल करते हैं।

5 फीसदी लोग नींद के लिए ली जाने वाली नशीली दवाइयां और बड़ी मात्रा में लोग कोकीन का भी इस्तेमाल करते हैं।

प्रदेश में नशा किस कदर बढ़ गया है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले 5 साल में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लगभग 15 लाख लोग सरकारी अस्पतालों की ओ.पी.डी. और नशा मुक्ति केंद्रों में पहुंचे हैं। हालांकि यह आंकड़ा इससे कई गुना बड़ा हो सकता है। क्योंकि नशे की दलदल में फंसे लाखों लोग इलाज के लिए आगे नहीं आते हैं और अपनी जिंदगी तबाह कर लेते हैं। अस्पतालों व नशा मुक्ति केंद्रों में पहुंचे ज्यादातर मरीज पंजाब व राजस्थान के साथ लगते जिलों से हैं।

## शाकुम्भरी राइस मिल पर 3 करोड़ की सरकारी धान गायब करने का आरोप, मालिक पर केस दर्ज

■ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने मौखिक सूचना पर तुरंत लिया एक्शन

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (बंसल): हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा भंडारित सरकारी धान को खुर्द-बुर्द करने के आरोप में यमुनानगर की शाकुम्भरी राइस मिल मालिक एवं गारंटरों के विरुद्ध यमुनानगर के थाना प्रतापनगर में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विभाग को यमुनानगर की इस मिल से भंडारित सरकारी धान के भारी मात्रा में कम होने की मौखिक सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर विभाग की ओर से तुरंत एक्शन लिया गया और जांच करने पर अधिकारियों ने पाया कि शाकुम्भरी मिल से 38 हजार से अधिक भंडारित सरकारी धान के कट्टे कम हैं।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राजेश नागर ने बताया कि यमुनानगर की शाकुम्भरी राइस मिल को मिलिंग कार्य हेतु खरीफ वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 67 हजार 759 सरकारी धान के बैग अलॉट किए गए थे। धान के बैग कम होने की सूचना पर तुरंत एक्शन लेते हुए विभाग के अधिकारियों ने मिल की भौतिक जांच की।

इस जांच में 38 हजार से अधिक सरकारी धान के कट्टे कम पाए गए जिससे सरकार को 3 करोड़ 29 हजार का भारी नुक्सान हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मिल के बाकी सरकारी भंडारित धान को ऑक्शन के माध्यम से बेचा जाएगा।

## होमवर्क न करने पर शिक्षक ने 5वीं के छात्र को बुरी तरह पीटा

■ अस्पताल में भर्ती, मां की शिकायत पर शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

रोहतक, 29 नवम्बर (मैनपाल): रोहतक पी.जी.आई. एम.एस. थानाक्षेत्र स्थित एक स्कूल के शिक्षक द्वारा छात्र से होमवर्क न करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक शहर की एक आफिसर्स कॉलोनी में एक अधिकारी परिवार के साथ रहते हैं। उनका बच्चा शहर के नामचीन स्कूल में कक्षा-5 का छात्र है।

स्कूल में होमवर्क न करने पर शिक्षक ने उसके शरीर पर स्केल से 20 बार हमला किया जिससे उसके पूरे शरीर पर निशान बने हुए हैं। घर आकर छात्र पिटाई से कराह उठा तो मां ने इसके बारे में पूछा। इस पर बच्चे ने बताया कि उसे होमवर्क न करने पर शिक्षक विष्णु दत्त ने पीटा है।

मां उसे आनन-फानन पी.जी.आई.एम.एस. के ट्रॉमा सैंटर लेकर गई तो चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर लिया। वहीं थाना पी.जी.आई.एम.एस. पुलिस ने पीड़ित मां की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## हरियाणा मानवाधिकार आयोग के पास करीब 3500 से अधिक लंबित शिकायतें

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (बंसल): हरियाणा के मानवाधिकार आयोग के पास लंबित शिकायतों की संख्या 3500 से अधिक है और इन शिकायतों में अधिकांश पुलिस विभाग से जुड़ी है। आयोग अब जल्द ही इन शिकायतों को निपटाएगा। करीब सवा साल से आयोग चेयरमैन व सदस्यों की नियुक्तियां नहीं हुई थी जिसके चलते सवा साल की अवधि में ही 3 हजार के करीब नई शिकायतें आयोग के पास पहुंची हैं।

आयोग के सदस्स्य जस्टिस कुलदीप जैन ने कहा कि सबसे अधिक शिकायतें पुलिस विभाग के खिलाफ ही आई हैं। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से इस संदर्भ में गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखा जाएगा ताकि पुलिस की कार्यशैली में सुधार हो सके।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बढ़ाईं मिड-डे मील सामग्री की लागत दरें

अम्बाला, 29 नवम्बर (बलराम): देशभर में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत स्कूली बच्चों को मिल रहे मिड-डे मील में प्रयुक्त सामग्री की लागत दरें बढ़ाने का निर्णय लिया है। बढ़ी हुई दरें 1 दिसम्बर से लागू होंगी।

देश के सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों (शिक्षा) को भेजे पत्र में मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि मिड-डे मील की सामग्री की लागत दर को बाल वाटिका एवं प्राइमरी कक्षाओं के लिए बढ़ाकर 6.19 रुपए और अप्पर प्राइमरी कक्षाओं के लिए 9.29 रुपए प्रति विद्यार्थी कर दिया गया है।

इस राशि में केंद्र एवं उत्तर पूर्वी राज्यों, दो हिमालियन राज्यों व जम्मू-कश्मीर के बीच 90:10 और देश एवं अन्य तमाम राज्यों, दिल्ली व पुडुचेरी में 60:40 का हिस्सा होगा, जबकि बिना विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों में इस खर्च को 100 प्रतिशत केंद्र सरकार वहन करेगी।

इससे पहले बालवाटिका एवं प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए मिड-डे मील सामग्री की लागत 5.45 रुपए थी, जिसमें 74 पैसे की बढ़ौतरी की गई है, जबकि अप्पर प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के लिए यह लागत 8.17 रुपए थी, जिसमें 1 रुपए 12 पैसे की बढ़ौतरी की गई है।



संस्थापक : अमर शहीद लाला जगत नारायण जी
पंजाब केसरी

# 'देश की अदालतों में जजों की भारी कमी' 'पीड़ितों को समय पर न्याय मिले तो कैसे'

**आज** न्यायपालिका विभिन्न मुद्दों पर जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है परंतु न्यायालयों में लगातार चली आ रही जजों की भारी कमी के कारण पीड़ितों को न्याय मिलने में विलंब हो रहा है।

इसी के दृष्टिगत 1 सितम्बर, 2024 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि *''लंबित मामले और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना चाहिए और अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की जरूरत है।''*

देर से मिले न्याय के चंद ताजा उदाहरण निम्न में दर्ज हैं :

** 6 अगस्त को कानपुर जिला अदालत ने 2003 में एक महिला के बेटे के अपहरण के आरोप में 21 वर्ष बाद एक सपा नेता और उसकी पत्नी को 10 वर्ष कैद की सजा और 50-50 हजार रुपए जुर्माना लगाया।*

** 3 सितम्बर को सुप्रीमकोर्ट ने 32 वर्ष बाद तलाक के एक मुकद्दमे में कर्नाटक की एक अदालत का फैसला पलटते हुए पीड़िता को 20 लाख रुपयों के स्थान पर 30 लाख रुपए गुजारा भत्ता देने का उसके पति को आदेश दिया।*

** 30 अक्तूबर को पाली (राजस्थान) में एस.सी.एस.टी. कोर्ट के स्पैशल जज ने एक दम्पति की जमीन पर कब्जा करने के आरोप में 15 वर्ष बाद 3 दोषियों को तीन-तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई।*

** 28 सितम्बर को राजस्थान हाईकोर्ट ने 30 वर्ष बाद एक व्यक्ति की बेटी के हत्यारे पति को उम्र कैद की सजा सुनाई। इस संबंध में मृतका के पिता ने 20 जून, 1991 को केस दर्ज करवाया था तथा निचली अदालत ने 28 अक्तूबर, 1992 को आरोपी को बरी कर दिया था जिसके बाद मृतका के पिता ने राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।*

** 28 नवम्बर को प्रतापगढ़ (राजस्थान) के जिला सैशन जज की अदालत ने दहेज हत्या के एक मुकद्दमे की सुनवाई करते हुए मृतका के पति को 11 वर्ष बाद उम्र कैद की सजा सुनाई।*

जजों की कमी के कारण देर से मिले न्याय के ये तो चंद उदाहरण मात्र हैं। देश में लंबित केसों के मामले में सबसे बुरी स्थिति निचली अदालतों की है जिनमें 22 प्रतिशत केस 5 से 10 वर्षों तथा 23 प्रतिशत केस 10 वर्षों से भी अधिक समय से लंबित चले आ रहे हैं।

सुप्रीमकोर्ट व हाईकोर्टों में भी 17 प्रतिशत केस 5 से 10 वर्षों से लंबित हैं। सुप्रीमकोर्ट में 7 प्रतिशत व हाईकोर्टों में 9 प्रतिशत केस 10 से अधिक वर्षों से अटके हुए हैं। सुप्रीमकोर्ट द्वारा समय-समय पर इस सम्बन्ध में चिंता जताने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हालांकि हर 10 लाख लोगों पर कम से कम 50 जज होने चाहिएं पर अभी भी इतनी जनसंख्या पर मात्र 21 जज ही हैं।


इसी पृष्ठभूमि में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 28 नवम्बर को राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि :

*''इस वर्ष 21 नवम्बर की स्थिति के अनुसार निचली अदालतों में 5245 जजों की तथा हाईकोर्टों में 364 जजों की कमी है। 1 जनवरी, 2024 तक देश की विभिन्न जिला और मातहत अदालतों में 4.44 करोड़ से अधिक मामले लंबित थे, जबकि पिछले 11 महीनों में इनमें 9.22 लाख से अधिक मामलों की वृद्धि हो जाने के कारण 15 नवम्बर तक यह आंकड़ा बढ़कर 4.53 करोड़ से अधिक हो गया है।''*

स्पष्टत: यदि अदालतों में पर्याप्त संख्या में जज ही नहीं होंगे तो फिर भला लोगों को समय पर न्याय किस प्रकार मिल सकता है। अत: इसके लिए जहां अदालतों में जजों की कमी यथाशीघ्र दूर करने की आवश्यकता है, वहीं अदालतों में न्याय प्रक्रिया को और चुस्त व तेज करने की भी जरूरत है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ ग्रहण करने से कुछ दिन पहले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा था कि उनकी प्राथमिकताएं मामलों का बैकलॉग समाप्त करने, अदालती कार्रवाई को सरल और सुलभ बनाने तथा जटिल कानूनी प्रक्रियाओं को आसान बनाने की रहेगी। वह अपने प्रयास में कितना सफल होते हैं इसका उत्तर तो आने वाला समय ही देगा।

**—विजय कुमार**




## शहर सुनसान सा लगता है

*थोड़ा बेजान सा लगता है थोड़ा वीरान सा लगता है,*
*भीड़ तो बहुत है लेकिन शहर सुनसान सा लगता है।*
*धन दौलत भी है रोटी भी है कपड़ा और मकान भी है,*
*फिर भी देखो तो हर शख्स जरा परेशान सा लगता है।*
*उज्ज्वल भविष्य के लिए बच्चा विदेशों में सैट हो गया,*
*दादा, पोते की झलक पाने का चाहवान सा लगता है।*
*याराना रखता नहीं कोई अब आस-पड़ोस के लोगों से,*
*बचपन का गहरा मित्र भी थोड़ा अनजान सा लगता है।*
*प्यासे मरते हुए को पिला दे अगर कोई जरा सा पानी,*
*कसम खुदा की वह शख्स मुझे भगवान सा लगता है।*

**—रितु नंदा, ritunanda15951@gmail.com**

## पाठकों के पत्र

### नागरिक अपने सामान और जीवन की सुरक्षा के खुद ही जिम्मेदार हैं

**माननीय** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पंजाब और हरियाणा सरकारों को आदेश दिए गए हैं कि दोपहिया वाहनों पर अभिभावकों के साथ जा रहे 4 वर्ष से ऊपर के बच्चों को भी मां-बाप की तरह हैलमेट डालना अनिवार्य है। हाईकोर्ट के आदेशों को लागू करना या उसे नकारना सरकार की जिम्मेदारियों में है क्योंकि लोगों को तो अपनी सुरक्षा नहीं सहूलियतें एवं आरामपरस्ती चाहिए।

इन नियमों की पालना करवाने के लिए जिलों के डिप्टी कमिश्नरों, जिला शिक्षा अधिकारियों, क्षेत्रीय पासपोर्ट अथॉरिटी और संबंधित अधिकारियों, स्कूलों के प्रमुखों ने न केवल इन आदेशों को जल्दबाजी में लागू करने के लिए समाचार पत्रों में बयान दे दिए कि न्यायालय के आदेशों की पालना न करने पर भारी जुर्माना या फिर नाबालिगों को 3 वर्ष की कैद होगी।

सरकार के आदेशों के अनुसार स्कूलों में छात्रों को सुरक्षा, फर्स्टएड, फायर सेफ्टी, नाबालिगों को वाहन न चलाने से रोकने के लिए शिक्षकों को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है मगर उन्हें खुद ही नियमों, कानूनों और फर्जों की जानकारी नहीं और न ही छात्रों को रोकने के लिए अधिकार है। नाबालिगों की ओर से अपने वाहनों को स्कूलों में खड़े करने के स्थान पर उन्हें बाहर ही पार्क किया जाता है।

आज के हादसों के दौर में एक ही भाव है कि नागरिक अपने सामान और जीवन की सुरक्षा के खुद ही जिम्मेदार हैं। कह सकते हैं कि सड़कों पर हो रहे हादसे नहीं यह तो हत्याएं ही हैं।

**—काका राम वर्मा, पटियाला 98786-11620**

# 'आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस' टैक्नोलॉजी के दो पहलू

**पिछले** 60-70 साल में जिस तरह विज्ञान की नियामतों और टैक्नोलॉजी की आसानियों ने जीवन की रूपरेखा बदली है, सोचा जाए तो लगेगा कि इंसान चाहे तो क्या कुछ नहीं कर सकता? सब कुछ संभव ही नहीं बल्कि चुटकी बजाते ही अलादीन के चिराग की तरह 'जो हुक्म मेरे आका' जैसा हो सकता है।

**मानव और मशीन का गठजोड़ :** जब दशकों पहले दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे मेले में पहली बार टैलीविजन और उसमें से बोलते चेहरे की आवाज लोगों ने सुनी तो आंख और कान पर यकीन नहीं हो पा रहा था। हर व्यक्ति की जुबान पर चर्चा थी। टैलीफोन का आविष्कार बहुत पहले हो गया था लेकिन जब एक डिबिया के आकार में इसका वजूद समा गया और दुनिया में कहीं भी बिना किसी तार या कनैक्शन के बात होने लगी तो सोचा कि 'ऐसा भी हो सकता है' और जब बात करने वाले एक-दूसरे को देख भी सकते हों, चाहे सात समंदर पार हों, तब यह अजूबा ही लगा।

कम्प्यूटर का बड़ा-सा डिब्बा अपने पूरे तामझाम के साथ घरों और दफ्तरों में पहुंचा तो यह कमाल लगा। इसकी बदौलत कुछ भी करना सुगम हुआ तो वाहवाही करनी ही थी। अब यह छोटे से मोबाइल फोन की स्क्रीन हो या आदमकद टी.वी. स्क्रीन, ज्ञान बतियाने और बांटने से लेकर खेल खेलना और मनोरंजन का लुत्फ उठाना उंगलियों से बटन दबाते ही होने लगा है। मुंह से निकलता है कि 'अब और क्या'? इसका जवाब भी मिल गया और हमारे सामने आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस का संसार आ गया। इसके आगे क्या होगा उसके लिए आश्चर्यचकित होने का स्थान अब जिज्ञासा और उत्सुकता ने ले लिया है।

इंसान का दिमाग क्या और कहां तक सोच सकता है, उसे व्यवहार में लाकर एक तरह से किसी भी चीज की काया पलट कैसे हो सकती है या की जा सकती है, इतना ही समझ लेना काफी है। जब हम इस नई टैक्नोलॉजी की बात करते हैं तो मनुष्य के लिए कुछ भी असंभव नहीं नजर आता। वह मशीन को अपने इशारों पर नचा सकता है या कहें कि वह सब करवा सकता है जो उसके दिमाग में चल रहा है।

यहां इस बात पर गौर करना होगा कि मशीन अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकती। कमान इंसान के हाथ में रहती है, ठीक उसी तरह जैसे चिराग से निकले जिन्न को वही करना होता है जो आका का हुक्म हो। असावधानी या गलतफहमी के कारण गलती हो गई तब यह मशीन छुट्टे सांड की तरह कितनी तबाही मचा सकने में सक्षम है, इसकी कल्पना भी करना कठिन है।



**पूरन चंद सरीन**

आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस की गहराई तक जाने की एक सामान्य व्यक्ति को न तो जरूरत है और न ही उसके लिए आसान है। इतना ही समझना पर्याप्त है कि अब इसके इस्तेमाल से घर बैठे ही अपने बही खाते, उतार-चढ़ाव, फेरबदल, बाजार की उठा पटक पर नजर ही नहीं, उसमें अपने हिसाब से परिवर्तन किया जा सकता है। जो बिजनैस करते हैं, उद्योग धंधे चलाते हैं और जिनके लिए पलक झपकने का अर्थ लाखों-करोड़ों के वारे-न्यारे हैं, यह टैक्नोलॉजी वरदान है। इसी तरह जो प्रोफैशनल व्यक्ति टैक्स, वकालत, कंसल्टैंसी या फिल्म निर्माण के क्षेत्र में हैं, वे महीनों का काम दिनों और घंटों का मिनटों में कर सकते हैं।

हमारे देश में योग्यता की कोई कमी नहीं है लेकिन इसी के साथ काबिल बनाने वालों और कार्यकुशलता बढ़ाने वालों का जबरदस्त अभाव है। इसका परिणाम यह होता है कि लोग गलती करने के बाद सीखते हैं और दौड़ में पिछड़ जाते हैं। उदाहरण के लिए जब मशीन में पुराने आंकड़े या डाटा डाला या फीड किया जाता है तो उसमें से जो रिजल्ट निकलेगा वह तो कचरा ही होगा। दुर्भाग्य से यही कचरा हमारे लिए नीतियां बनाने वाले इस्तेमाल में लाते हैं और नतीजे के तौर पर असफलता ही हाथ लगती है।



शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, बेरोजगारी, गरीबी हटाने से लेकर प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण तथा जनसंख्या तक के आंकड़े दसियों साल पुराने होने के कारण हरेक क्षेत्र में खींचातानी और अपना दोष दूसरे के सिर मढ़ने जैसा वातावरण है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग चाहे राजनीतिज्ञ हों या आर्थिक विशेषज्ञ जिन पर जन कल्याण की योजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी है वे योग्य तथा प्रतिभाशाली नहीं होंगे, चाहे दुनिया कितनी आगे बढ़ जाए, हमारा पीछे रहना भाग्य के लेखे की तरह है।

**लाभ और हानि की तुलना आवश्यक :** आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस टैक्नोलॉजी के जितने फायदे हैं, उनकी तुलना में नुकसान भी कम नहीं हैं बशर्ते कि सावधानी न बरती गई हो। नकली आवाज, वही चेहरा, हावभाव, उठने-बैठने से लेकर बातचीत करने का अंदाज तक हू-ब-हू कॉपी किया जा सकता है।

साइबरक्राइम के खतरे शुरू हो चुके हैं, लूटपाट और चोरी-डकैती के लिए घर में सेंध लगाने की जरूरत नहीं, इस टैक्नोलॉजी के गलत इस्तेमाल से यह सब कुछ आसानी से किया जा सकता है। डिजिटल अरैस्ट, बिना जानकारी खाते खाली, जिंदगी भर की बचत पल भर में साफ, कौन अपना कौन पराया और कौन बन जाए बेगैरत और बेगाना, कुछ भी हो सकता है।

जरूरी है यह समझना कि चाहे कोई कितना भी अपना बनकर कोई जानकारी मांगे तो उसे पहली बार तो टाल ही दें। फिर पूरी जांच-पड़ताल करें, बैंक से पूछें, दोस्तों और रिश्तेदारों से सांझा करें और तब ही कुछ करें या कहें जब आश्वस्त हो जाएं कि कुछ गड़बड़ नहीं है। डराने या धमकाने और गिरफ्तार होने की संभावना पर यकीन न करें।

यही मानकर चलें कि नकल का बाजार गरम है और अक्ल का इस्तेमाल करना है। बहकने या भुलावे की कोई गुंजाइश नहीं, जो नहीं दिख रहा उसे देखने की कोशिश करें। इतना ही करना एक आम आदमी के लिए पर्याप्त है वरना लुटेरे तो अपना जाल बिछाए बैठे ही हैं।

**pooranchandsarin@gmail.com**

# नए सी.एम. के फैसले का पालन करेंगे एकनाथ शिंदे?

**शिवसेना** चाहती थी कि एकनाथ शिंदे को फिर से सी.एम. बनाया जाए या उन्हें अढ़ाई साल का कार्यकाल दिया जाए। हालांकि, भाजपा ने इसे खारिज कर दिया जिसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बताया कि वह नए सी.एम. के उनके फैसले का पालन करेंगे। जबकि शिवसेना ने संकेत दिया कि वह नई व्यवस्था में डिप्टी के तौर पर काम नहीं करेगी।



सूत्रों के मुताबिक, भाजपा मुख्यमंत्री पद की भरपाई के लिए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 3 बड़े विभागों सहित महाराष्ट्र के 12 कैबिनेट पद दे सकती है। महायुति गठबंधन में तीसरी पार्टी अजित पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. को वित्त विभाग सहित कैबिनेट में 9 सीटें मिल सकती हैं।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं और भाजपा द्वारा आधे पद अपने पास रखने की संभावना है। जबकि भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। नेताओं ने मुख्यमंत्री पद, कैबिनेट में जगह और शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार महाराष्ट्र के सी.एम. के लिए फड़नवीस के नाम को मंजूरी दे दी गई।

**टी.एम.सी. का नजरिया भी अलग :** कांग्रेस के दृष्टिकोण के विपरीत, जो लगातार उद्योगपति गौतम अडानी के समूह पर संयुक्त राज्य अमरीका में धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के आरोपों का मुद्दा उठा रही है, टी.एम.सी ने कहा है कि वह लोगों से जुड़े मुद्दों पर अपना जोर जारी रखेगी। टी.एम.सी. नेतृत्व ने उन मुद्दों की पहचान की है, जिन पर वह संसद के दोनों सदनों में चर्चा करना चाहती है।

ये मुद्दे हैं महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर में तनावपूर्ण स्थिति और पश्चिम बंगाल को कथित तौर पर केंद्रीय धन से वंचित करना। टी.एम.सी. राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के 'इंडिया' ब्लॉक का घटक होने के बावजूद चुनावी तौर पर समूह के साथ सांझेदारी नहीं करती है। इसने कहा है कि भले ही वह ब्लॉक का हिस्सा बनी हुई है, लेकिन उसका नजरिया भी अलग है।

**राजस्थान में कांग्रेस की जीत एक बड़ा सबक और झटका :**



**राहिल नोरा चोपड़ा**

राजस्थान में 7 विधानसभा उप-चुनावों में से सिर्फ एक में कांग्रेस की जीत एक बड़ा सबक और झटका है, जिसका दोष पार्टी के 'इंडिया' ब्लॉक के तहत संयुक्त उम्मीदवार उतारने की बजाय अकेले चुनाव लड़ने के फैसले पर लगाया जा रहा है। उप-चुनाव में कांग्रेस ने दौसा सीट तो बरकरार रखी, लेकिन पिछले साल विधानसभा चुनाव में जीती गई 3 अन्य सीटें उसके हाथ से निकल गईं।

इससे 200 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस की ताकत घटकर 66 रह गई है। इस खराब प्रदर्शन का ठीकरा मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर फूटेगा। अब डोटासरा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनकी जगह कौन लेगा, यह तय नहीं है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी आगामी फेरबदल में सचिन पायलट को राजस्थान का पी.सी.सी. प्रमुख नियुक्त कर सकती है।

**झारखंड में डबल इंजन की कहानी पर लगी ब्रेक :** डबल इंजन की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा के जोरदार प्रयास के बावजूद, पार्टी झारखंड के मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही। हालांकि, पार्टी के पास 3 आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और चंपई सोरेन हैं। भाजपा के चुनाव अभियान का नेतृत्व असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कुशलतापूर्वक किया।



दूसरी ओर, 'इंडिया' ब्लॉक के 2 प्रमुख चेहरे हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन थे। कल्पना सोरेन इस चुनाव में प्रमुख नेता के रूप में उभरीं। हेमंत सोरेन ने खुद को गठबंधन के नेता के रूप में प्रभावी रूप से स्थापित किया। संथाल परगना क्षेत्र में बंगलादेशी घुसपैठ की भाजपा की बयानबाजी असफल रही और अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं को अपने पक्ष में एकजुट करने में विफल रही, जिसके कारण भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) ने राज्य भर में 28 एस.टी.-आरक्षित सीटों में से 27 सीटों पर चुनाव लड़ा।

इस बीच, राज्य में भाजपा की करारी हार के बाद राष्ट्रीय संगठन महासचिव बी.एल. संतोष ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा समेत चुनाव प्रभारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हार के कारण भाजपा के भीतर महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलावों की अटकलें लगाई जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के नेतृत्व में नई जान फूंकने के लिए प्रदेश अध्यक्ष को बदला जा सकता है।

**ओडिशा में कांग्रेस द्वारा नेतृत्व और संगठनात्मक सुधारों पर चर्चा शुरू :** 2024 के चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के मद्देनजर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ए.आई.सी.सी.) द्वारा ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओ.पी.सी.सी.) को भंग करने के 4 महीने बाद, कांग्रेस ने राज्य इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए नेतृत्व और संगठनात्मक सुधारों पर चर्चा शुरू कर दी है। कांग्रेस राज्य में पार्टी को फिर से जीवंत करने के लिए एक नए चेहरे पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वरिष्ठ नेता, जिनमें से कइयों को वर्षों से कई नेतृत्व भूमिकाएं दी गई हैं, चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार करने में असमर्थ रहे हैं।

कांग्रेस में काफी चर्चा है कि मीनाक्षी नटराजन को ए.आई.सी.सी. महासचिव के रूप में पदोन्नत किया जाएगा और उन्हें ओडिशा कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना और कोरापुट के सांसद सप्तगिरि उलाका के नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

**nora_chopra@yahoo.com**

# अडानी-एक चेतावनी..!

**भले** ही हम अडानी के खिलाफ अमरीकी अदालत के अभियोग पर चिल्लाते हों, खून की मांग करते हों या 'नस्लीय पूर्वाग्रह' के नारे लगाते हों, आइए थोड़ा रुकें और देखें कि वास्तविक मुद्दा क्या है, फिर खुद से पूछें कि यह हमें कैसे प्रभावित करता है।

**असली मुद्दा रिश्वतखोरी का है! :** हमारे देश में रिश्वत के बिना कोई काम नहीं होता। तो क्या यह सही समय नहीं है कि हम इस राष्ट्रीय घातक बीमारी के सबसे महत्वपूर्ण परिणामों पर बारीकी से नजर डालें?

**सबसे पहले, आर्थिक परिणाम:** यहां रिश्वत निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को कमजोर करती है, जिससे संसाधनों का अकुशल आबंटन होता है। यह छिपी हुई लागतों को बढ़ाती है, कीमतों को बढ़ाती है और लाभप्रदता को कम करती है। रिश्वत विदेशी निवेश को रोकती है क्योंकि निवेशक स्थिर और पारदर्शी वातावरण चाहते हैं और यह आर्थिक विकास को कमजोर करती है क्योंकि भ्रष्टाचार आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं से संसाधनों को हटाता है, जिससे आर्थिक विकास में बाधा आती है।

**इसके बाद सामाजिक परिणाम:** रिश्वत से भरोसा खत्म होता है। यह संस्थाओं, सरकारों और व्यवसायों में हमारे विश्वास को कमजोर करती है। यह असमानता को बढ़ावा देती है और रिश्वत उन लोगों को लाभ पहुंचाती है जिनके पास शक्ति और धन है, जिससे सामाजिक असमानताएं बढ़ती हैं।

यह अपराध को बढ़ावा देती है, क्योंकि रिश्वत में अक्सर संगठित अपराध शामिल होते हैं जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। यह प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाती है क्योंकि रिश्वत कांड व्यक्तियों, व्यवसायों और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं।




**दूर की कौड़ी**
**राबर्ट क्लीमैंट्स**

राजनीतिक परिणामों पर गौर करें, जहां रिश्वतखोरी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नष्ट कर देती है और नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करती है। यह सरकारी अधिकारियों की ईमानदारी से समझौता करती है, जिससे सत्ता का दुरुपयोग होता है। रिश्वतखोरी सामाजिक अशांति, विरोध और शासन परिवर्तन में योगदान देती है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता करती है क्योंकि यह अवैध हथियारों के सौदे, आतंकवाद और अन्य सुरक्षा खतरों को बढ़ावा दे सकती है।

**व्यक्तिगत परिणाम:** रिश्वतखोरी में लिप्त होने से व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से समझौता होता है। रिश्वतखोरी से रिश्तों को भी नुकसान पहुंचता है क्योंकि रिश्वतखोरी सहकर्मियों, ग्राहकों और भागीदारों के बीच विश्वास को खत्म कर देती है।

**व्यावसायिक परिणाम :** कुछ व्यावसायिक परिणामों पर नजर डालें, जहां प्रतिष्ठा को नुकसान होता है क्योंकि रिश्वतखोरी के घोटाले कंपनियों के ब्रांड और विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाते हैं। फिर जुर्माने, कानूनी फीस और खोए हुए व्यवसाय के वित्तीय दंड हैं जो विनाशकारी हो सकते हैं।




बस अडानी निवेशकों के बारे में सोचें जिन्होंने पिछले 2 दिनों में अपनी संपत्ति खो दी है! इसके अलावा, परिचालन व्यवधान भी है क्योंकि रिश्वतखोरी की जांच और अभियोजन व्यवसाय संचालन को बाधित करते हैं और लाइसैंस भी खो देते हैं क्योंकि रिश्वतखोरी की दोषी कंपनियों के लाइसैंस और परमिट खोने का जोखिम होता है।

और अंत में, रिश्वतखोरी के कारण स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी आवश्यक सेवाओं से संसाधनों को हटा देने से समाज पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है और शोषण को बढ़ावा देता है, असमानता को बढ़ावा देता है और सामाजिक न्याय को कमजोर करता है और हां, रिश्वतखोरी सांस्कृतिक मूल्यों को कमजोर करती है, भ्रष्टाचार और बेईमानी को बढ़ावा देती है!

अमरीका के सामने पीड़ित की भूमिका निभाने की बजाय, हमें कानूनों और प्रवर्तन को मजबूत करके इस भयानक बुराई का मुकाबला करना चाहिए। पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना चाहिए और मुखबिरों की रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करना चाहिए। आइए हम ईमानदारी और नैतिकता की संस्कृति को बढ़ावा दें।

हमारे तथाकथित लोकतंत्र में रिश्वतखोरी इतनी व्याप्त है कि प्रत्येक चुनाव के बाद, जनता द्वारा किसी विशेष विचारधारा या विचार के लिए चुने गए प्रतिनिधियों को हवाई जहाज से रिसॉर्ट्स में ले जाया जाता है, ताकि उन्हें रिश्वत न दी जाए और वे विपरीत विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हुए किसी पार्टी में शामिल न हो जाएं!

यह सब घिनौना है, है न? तो, क्या हमें इस अदालती अभियोग को एक चेतावनी के रूप में नहीं लेना चाहिए?

**bobsbanter@gmail.com**

# सैकुलरवाद और समाजवाद की सुप्रीम व्याख्या

**उच्चतम** न्यायालय ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में वर्णित समाजवाद और पंथनिरपेक्षता पर लंबित मुकद्दमा खारिज कर दिया है। संविधान दिवस मनाने के ठीक पहले चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ का यह फैसला महत्वपूर्ण है। इसमें सोशलिज्म और सैकुलरिज्म जैसे राजनीतिक जुमले भारतीय संदर्भ सहित परिभाषित हुए हैं।

सुब्रह्मण्यम स्वामी, बलराम सिंह और अश्विनी कुमार उपाध्याय जैसे पक्षकारों की बात सुनी गई। उन्हें इससे संतोष करना होगा। साथ ही आपातकाल में इंदिरा गांधी की तानाशाही के सामने तन कर खड़े होने का साहस दिखाने वाले जस्टिस एच.आर. खन्ना को याद करना चाहिए। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ का यह फैसला मुकद्दमा खारिज होने के बावजूद भी ऐतिहासिक महत्व का है।

संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद व पंथनिरपेक्ष शब्द 2 नवंबर 1976 को आपातकाल में हुए 42वें संशोधन के कारण जोड़ा गया था। निश्चय ही स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला अध्याय 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक चलने वाला आपातकाल ही है। इसी दौरान भारतीय नागरिकों को अधिकार प्रदान करने वाले संविधान में कर्त्तव्य भी जोड़े गए थे।

दरअसल याचिका दायर करने वाले इस संशोधन को इस कारण से खारिज करने की मांग करते मार्च 1971 में गठित हुई 5वीं लोकसभा का कार्यकाल मार्च 1976 में समाप्त होना चाहिए था। हालांकि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा 1978 में 44वें संशोधन में इसे बदलना जरूरी नहीं माना गया था। आज सर्वोच्च न्यायालय भी इसे वैध करार देती है।

न्यायालय भारतीय संदर्भ में दोनों ही शब्दों को परिभाषित करती है। इसमें 'समाजवाद' शब्द आर्थिक और सामाजिक बेहतरी के लक्ष्यों को दर्शाता है। इसके लिए 'वैल्फेयर स्टेट' शब्द को पर्याय माना गया। व्यापार और वाणिज्य को मौलिक अधिकार की श्रेणी में रख कर संविधान नागरिकों की निजी उद्यमशीलता को प्रतिबंधित नहीं करता है।

यहां 'पंथनिरपेक्ष' का अर्थ धर्मविरुद्ध होना नहीं है। यह समानता के नागरिक अधिकार को प्रदर्शित करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे संवैधानिक योजना को दर्शाने वाले मूल ताने-बाने में बुना हुआ माना है।

संविधान सभा के 299 सदस्यों



**कौशल किशोर**

ने मिल कर 2 साल 11 महीने और 17 दिनों का समय लगाया और लोकतंत्र की सर्वोच्च संहिता रचने का काम किया था। इसकी गतिशीलता बनी रहे, इसलिए संशोधन का मार्ग भी प्रशस्त किया था। फलत: समय के साथ ताल मिलाने के क्रम में अब तक 106 संशोधन भी किए गए हैं।

इस संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकार किया गया था। न्याय दिवस के रूप में इसे मनाने का रिवाज 2014 तक चलता रहा। लेकिन मोदी सरकार 2015 में इसे संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू करती है।

संवैधानिक मूल्यों को लेकर सरकार अपनी प्रतिबद्धता तभी से लगातार दोहरा भी खूब रही है। विपक्ष की राजनीति में इसे संविधान बदलने के नाम पर प्रचारित करती है। अलग ही किस्म का विवाद खड़ा होता दिखता है।

संविधान सभा की बहस में समाजवाद और सैकुलरवाद का प्रसंग भी मिलता है। उस समय इन दोनों शब्दों को प्रस्तावना में जगह नहीं मिली थी। कम्युनिस्ट नेता हसरत मोहानी संविधान सभा के सदस्य रहे।

उन्होंने 17 अक्तूबर 1949 को प्रस्तावना पर जारी बहस के दौरान भारत का नाम यू.एस.एस.आर. की तर्ज पर यू.आई.एस.आर. (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ सोशलिस्टिक रिपब्लिक्स) का प्रस्ताव दिया था।



इससे उनका आशय भारतीय समाजवादी गणराज्यों के संघ से था। उसी दिन पंथनिरपेक्षता के मुद्दे पर भी चर्चा का रिकॉर्ड है। इसे समझने के लिए प्रस्तावना में ईश्वर और गांधी का उल्लेख करने का मसला खारिज किए जाने का प्रसंग पलटना होगा।

संविधान भारत को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। भारत के लोग और भारतीय संविधान के बीच एक ऐसा रिश्ता है, जो अपने अल्पमत पर बहुमत का शासन नहीं थोपने की पैरवी करता है। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय के साथ इसमें विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और उपासना की स्वतंत्रता का विधान किया गया है।

सभी नागरिकों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ ही व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता को सुनिश्चित करने का प्रयास भी इसमें खूब सन्निहित है। संविधान सभा में साफ कहा गया था कि सरकारें लोगों की इच्छा की अभिव्यक्ति होंगी। मतदान की प्रक्रिया इसी का नतीजा है।

20वीं सदी में भारतीय राष्ट्र-राज्य के निर्माताओं ने लॉर्ड बिरकेनहेड की चुनौती को स्वीकार कर संविधान के निर्माण का प्रयोग शुरू किया। इसके कारण 1928 में मोती लाल नेहरू रिपोर्ट आई थी, जिसके सचिव जवाहर लाल नेहरू रहे।

2 दशक बाद आखिरकार संविधान सभा के सदस्यों के साथ मिल कर डा. अंबेडकर ने मसौदा तैयार किया था। डा. राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में इस संविधान की प्रस्तावना पर अंतिम निर्णय लिया गया और समाजवाद तथा पंथनिरपेक्ष जैसे शब्दों को बाहर रखा गया था। आज कोर्ट इसकी व्याख्या कर उल्लेखनीय योगदान देती है। इसके बावजूद भी संसद में इसे संशोधित करने की शक्ति निहित है।

**kaushal24x7@gmail.com**

पंजाब केसरी
हिसार, R.N.I. Regd. No. HARHIN/2019/83473
जालन्धर हैड ऑफिस : 0181-5067200/1, 2280104/7.
फैक्स : 0181-2280111-14, 5063750, 5030036.
विज्ञापन : 0181-5067263, 5067253.
advt@punjabkesari.in, news@thepunjabkesari.com
सर्कुलेशन : 0181-5067251, 98151-65655.
हिसार कार्यालय : 01662-222820, 222822, 222823. फैक्स : 01662-222821.
स्वत्वाधिकारी हिंद समाचार लिमिटेड सिविल लाइन्स, जालन्धर के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक संदीप मिश्रा* द्वारा चोपड़ा वैब कलर प्रिंटर्स (प्रो. जगत विजय प्रिंटर्स), 174 सैक्टर 27 & 28 हुड्डा इंडस्ट्रियल स्टेट हिसार से मुद्रित तथा प्रकाशित।
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।

# [ न्यूज ब्रीफ ]

## चोटिल आलराऊंडर वियान मुल्डर श्रीलंका सीरीज से बाहर

डरबन, 29 नवम्बर (वार्ता): दक्षिण अफ्रीका के आलराऊंडर वियान मुल्डर ऊंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टैस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।



किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टैस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की मध्यमा ऊंगुली में चोट लगने के कारण फ्रैक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टैस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

## हरमनप्रीत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वनडे जर्सी का अनावरण किया

मुंबई, 29 नवम्बर (प.स.): भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया।




महिला टीम वैस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसम्बर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी।

हरमनप्रीत ने कहा, ''जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वैस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है।''



*ढाका: बंगलादेश के दौरे पर आई आयरलैंड की महिला टीम की खिलाड़ी रिक्शा पर दिखाई देती हुई।*

## विश्व शतरंज चैम्पियनशिप : गुकेश और लिरेन ने चौथी बाजी ड्रा खेली

सिंगापुर, 29 नवम्बर (प.स.): भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रा खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रा कराने पर सहमति जताई।



इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में 4 दौर के बाद दोनों खिलाड़ी 2-2 अंक लेकर बराबरी पर हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक हासिल करेगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। गुकेश ने मैच के बाद कहा, ''बाजी जब समाप्ति की ओर बढ़ रही थी तब मेरे पास कुछ मौके थे लेकिन काले मोहरों से खेलते हुए आप इसी तरह के परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।''

## *i*nteresting Facts

1 फीफा विश्व कप -2022 के ग्रुप डी के अंतिम मैच में आस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को 1-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। आस्ट्रेलिया की विश्व कप के 19 मैचों में यह सिर्फ चौथी जीत थी।

2 लियोनेल मैसी को 2021 में रिकार्ड 7वीं बार फीफा का सर्वश्रेष्ठ फुटबालर को दिए जाने वाला 'फीफा बैलन डी ओर' अवार्ड मिला था। उसने बार्सिलोना के साथ अपने आखिरी सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था।



3 2022 में टेबल टैनिस के धाकड़ खिलाड़ी अंचत शरत कमल को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल अवार्ड समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड के साथ सम्मानित किया था।

**TV पर आज क्या खास**

| | | |
|---|---|---|
| 12:50 | क्रिकेट | श्रीलंका बनाम द. अफ्रीका (पहला टैस्ट मैच, चौथा दिन) |
| 21:00 | कबड्डी | जयपुर बनाम हैदराबाद, प्रो कबड्डी लीग |

# चैम्पियंस ट्राफी को लेकर आई.सी.सी. की मीटिंग रही 'बेनतीजा', अपनी जिद पर अड़ा पाकिस्तान

दुबई/कराची, 29 नवम्बर (प.स.): अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आई.सी.सी.) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्राफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान 'हाइब्रिड मॉडल' में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है।

बैठक शनिवार को फिर से होगी। हालांकि ये मीटिंग अब कल (30 नवम्बर) होगी या फिर किसी और तारीख को, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं है। वैसी अगली मीटिंग जल्द ही होगी, जिसमें कुछ अहम फैसले लिए जा सकते हैं। अगली मीटिंग में ये तय किया जाएगा कि चैम्पियंस ट्राफी को 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत कराया जाएगा या फिर उसे दूसरे देश में शिफ्ट किया जाएगा।




इससे पहले आज हुई बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पाक क्रिकेट बोर्ड (पी.सी.बी.) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें 'हाइब्रिड मॉडल' मंजूर नहीं है।

हाइब्रिड मॉडल के अनुसार भारतीय टीम प्रतियोगिता के अपने मैच किसी अन्य स्थान पर खेलती। आई.सी.सी. के पूर्णकालिक सदस्य देश के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य ने कहा, ''कार्यकारी बोर्ड की आज संक्षिप्त बैठक हुई। सभी पक्ष 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्राफी के सकारात्मक समाधान के लिए काम कर रहे हैं।

उम्मीद है कि बोर्ड शनिवार को फिर से बैठक करेगा और समाधान निकलने तक इसे जारी रखेगा।'' नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। बी.सी.सी.आई. के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए।

## टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने के पक्ष में आए तेजस्वी यादव



खेल डैस्क : चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर चल रहे विवाद के बीच राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर पी.एम. मोदी बिरयानी खाने के लिए पाकिस्तान जा सकते हैं तो क्रिकेट टीम को भेजा जाना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्हें (पाक) हमारे देश आना चाहिए और हमारे खिलाड़ियों को भी वहां जाना चाहिए। खेल में क्या समस्या है?

## सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते भारतीय टीम नहीं जाएगी पाकिस्तानः भारतीय विदेश मंत्रालय

इस मीटिंग से कुछ घंटे पहले बी.सी.सी.आई. के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बड़ा बयान दिया। शुक्ला ने भारत सरकार के रुख की पुष्टि करते हुए इस बात पर जोर दिया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा भारत के लिए सर्वोच्च महत्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा, ''हमारी चर्चा चल रही है। स्थिति को देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों की सुरक्षा है। 'हाइब्रिड मॉडल' भी एक विकल्प है। इस पर चर्चा चल रही है।''

भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल का कहना है, ''बी.सी.सी.आई. ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और इसलिए ऐसी संभावना नहीं है कि भारतीय टीम वहां जाएगी।''

### आस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ 2 दिवसीय मैच आज से

# गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच में बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

कैनबरा, 29 नवम्बर (प.स.): आस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टैस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन रात के चार टैस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय 4 साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आऊट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टैस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी। गुलाबी गेंद से सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे।

पर्थ टैस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टैस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रैक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टैस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टैस्ट में जायसवाल और के.एल. राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया।

ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे। यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है।

सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है।

## अंगूठे की चोट से उबरकर नैट्स पर लौटे गिल

कैनबरा, 29 नवम्बर (प.स.): अंगूठे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टैस्ट से बाहर रहे शुभमन गिल ने फिट होने के बाद शुक्रवार को भारतीय टीम के साथ नैट्स पर अभ्यास किया। पहले टैस्ट में गिल की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की। पिछले दौरे पर उनके शानदार फार्म को देखते हुए हालांकि टीम को उसकी जरूरत है।



*नैट्स में बल्लेबाजी करता शुभमन गिल।*

शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने नैट्स पर यश दयाल और आकाश दीप की गेंदों का सामना किया। गिल की गैर मौजूदगी में तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल प्रभाव नहीं छोड़ सके।

गिल हालांकि शीर्ष क्रम की बजाय मध्यक्रम में उतर सकते हैं क्योंकि रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में के.एल. राहुल ने पारी की शुरूआत करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था।

## आस्ट्रेलिया ने पर्थ में कोहली को शतक बनाने का मौका खुद दिया : बॉर्डर

मेलबर्न, 29 नवम्बर (प.स.) : आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टैस्ट मैच के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टैस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टैस्ट मैच की दूसरी पारी में फार्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टैस्ट 295 रन से जीता।



बॉर्डर ने कहा, ''जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में वह (कोहली) इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले।'

बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए विराट कोहली को उन्होंने फॉर्म में लौटने का मौका दिया।

पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भी पैट कमिंस की आलोचना की। हेडन ने चैनल 7 से कहा, ''भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को उसकी पारी की शुरूआत में ही आऊट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था।''

उन्होंने कहा कि शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। उन्होंने कहा,'' सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था। शायद कप्तान पैट कमिंस को ऐसी गेंदों का प्रयोग पहले करना चाहिए था। पहली पारी में खराब प्रदर्शन से भारतीय टीम दबाव में थी लेकिन अब वह खुलकर खेल रही है।''

## दक्षिण अफ्रीका पहला टैस्ट जीतने से 5 विकेट दूर



*शतकीय सांझेदारी के दौरान दिखाई देते स्टब्स और बावुमा।*

डरबन, 29 नवम्बर (इंट): कप्तान टेम्बा बावुमा (113) और ट्रिस्टन स्टब्स (122) के शतकों की मदद से श्रीलंका के सामने जीतने के लिए 516 रन का विशालकाय लक्ष्य रखने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने पहले टैस्ट मैच में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तेज गेंदबाजों मार्को जानसेन के 2-2 विकेटों की मदद से श्रीलंका के 5 विकेट मात्र 103 रन पर निकालकर जीत की ओर कदम बढ़ा दिए।

मैच के दूसरे दिन स्टब्स 17 और बावुमा 24 रन पर नाबाद लौटे थे और तीसरे दिन यही से खेलना शुरु किया। इन दोनों बल्लेबाजों के सामने श्रीलंकाई गेंदबाज पूरी तरह से विफल रहे और इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 249 रन की साझेदीरी निभाई।

स्टब्स ने 221 गेंदों का सामना कर 9 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। वहीं बावुमा ने 228 गेंदों का सामना करते हुए 9 चौके लगाए।

## हैरी ब्रूक का शतक, इंगलैंड बड़े स्कोर की ओर

क्राइस्टचर्च, 29 नवम्बर (वार्ता): हैरी ब्रूक (नाबाद 132) और ऑली पोप (77) की शानदार पारियों के दम पर इंगलैंड ने पहले टैस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 319 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। दिन का खेल समाप्त होने के समय हैरी ब्रूक (नाबाद 132) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 37) क्रीज पर मौजूद थे।

न्यूजीलैंड ने कल के 319 के स्कोर से आज आगे खेलते हुए मात्र 29 रन जोड़कर अपने दोनों विकेट गंवा दिए। ब्राइडन कार्स ने टिम साउदी (19) को आऊट कर इंगलैंड को नौंवी सफलता दिलाई। इसके बाद ब्राइडन कार्स ने विलियम ओरूर्क (0) को आऊट कर न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया। ग्लेन फिलिप्स (58) रन बनाकर नाबाद रहे। इंगलैंड की ओर से ब्राइडन कार्स और स्पिनर बशीर अहमद ने चार- चार विकेट चटकाए। गस ऐटकिंसन ने दो बल्लेबाजों को आऊट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंगलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और चौथे ओवर में मैट हेनरी ने जैक क्रॉली (शून्य) को पगबाधा आऊट कर पैवेलियन भेज दिया। 15वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जेकब बेथेल (10) को विकेट के पीछे कैच आऊट कराकर वापस भेजा। नेथन स्मिथ का अगला शिकार जो रूट (शून्य) बने। 71 के स्कोर पर इंगलैंड ने अपने चार विकेट गंवा दिए। बेन डकेट 46 रन बनाकर आऊट हुए।

ऐसे संकट के समय हैरी ब्रूक और ओली पॉप की जोड़ी ने पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 151 रनों की साझेदारी हुई। 53वें ओवर में टिम साउदी ने ओली पॉप (77) को आऊट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

हैरी ब्रूक 163 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 132) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद 37) रन बनाकर क्रीज पर है। दिन का खेल समाप्त होने पर इंगलैंड ने 74 ओवर में पांच विकेट पर 319 रन बना लिए है।



*शतकीय पारी के दौरान एक शाट खेलता हैरी ब्रूक।*

## मैकस्वीनी पूरी तरह से तैयार है: रेयान हैरिस

मेलबर्न, 29 नवम्बर (प.स.): नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टैस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टैस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टैस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके।

हैरिस दक्षिण आस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने 'सेन' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना और पारी का आगाज करना थोड़ा अलग है। लेकिन ऐसा नहीं है कि वह तैयार नहीं है। नाथन इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।'' हैरिस ने कहा, ''भले ही उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन वह पर्थ में दो अच्छी गेंद से निपटने में सफल रहा।''

उन्होंने सुझाव दिया कि मैकस्वीनी अभी भले ही सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए उपयुक्त है लेकिन लंबे समय में उसके लिए बल्लेबाजी क्रम में तीसरा नंबर अच्छा रह सकता है।

## सिंधू, लक्ष्य सैमीफाइनल में

लखनऊ, 29 नवम्बर (प.स.): भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधू और लक्ष्य सेन सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामैंट के महिला और पुरूष एकल वर्ग के सैमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त दो बार की चैम्पियन सिंधू ने चीन की दाइ वांग को 48 मिनट तक चले महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 21-15, 21-17 से हराया।

वहीं 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में मेराबा लुवांग मेस्नाम को 21-8, 21-19 से शिकस्त दी। सिंधू ने जीत के बाद कहा, ''आज का मैच अहम था। वह भले ही निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैंने अपनी गलतियां सुधार ली है और उन्हें नहीं दोहराऊंगी। मैंने शुरू से आक्रामक खेल दिखाया।''

सिंधू विश्व रैंकिंग में 18वें और वांग 118वें स्थान पर है। अब उनका सामना भारत की ही उन्नति हुड्डा से होगा जबकि लक्ष्य जापान के शोगो ओगावा से खेलेंगे। लक्ष्य ने कहा, ''यह अच्छा मैच था। मैं प्रदर्शन से खुश हूं। दूसरा गेम कठिन था लेकिन यह अच्छी बात है कि मैं जीत सका।''

ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा ने अमरीका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।




*मैच के दौरान दिखाई देता लक्ष्य सेन।*

महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने छठी वरीयता प्राप्त गो पेइ की और तियो मेइ शिंग को 21-8, 21-15 से शिकस्त दी। मिश्रित युगल में 5वीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने मलेशिया के लू बिंग कुन और हो लो इ को 21-16, 21-13 से हराया।

## हार्दिक का बल्ले से चमकदार प्रदर्शन जारी, शार्दुल के नाम हुआ सबसे खराब गेंदबाजी का रिकार्ड

इंदौर, 29 नवम्बर (प.स.): हार्दिक पंड्या ने बाएं हाथ के स्पिनर परवेज सुल्तान के एक ओवर में 28 रन जड़कर अपनी शानदार बल्लेबाजी फॉर्म जारी रखी जिससे बड़ौदा ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में त्रिपुरा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। महज 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने हार्दिक के 23 गेंदों में 47 रन की मदद से सिर्फ 11.2 ओवर में इसे हासिल कर लिया।

इससे पहले उनके बड़े भाई कृणाल पंड्या ने नई गेंद से 22 रन देकर 2 विकेट झटके। मैदान में बैठे दर्शकों का हार्दिक ने पूरा मनोरंजन किया। उन्होंने सुल्तान पर लांग ऑफ और एक्सट्रा कवर पर 3 जबकि काउ कॉर्नर पर 2 छक्के जड़े। हार्दिक के लिए अभी तक सैयद मुश्ताक अली टी-20 टूर्नामैंट शानदार रहा है और उन्होंने बड़ौदा की सभी चार जीत में योगदान दिया है।

उन्होंने इन मैचों में नाबाद 74 रन, नाबाद 41 रन, 69 रन और 47 रन बनाए। उन्होंने साथ ही दो विकेट भी झटके हैं। वहीं हैदराबाद में ग्रुप ई के मैच में केरल ने मुंबई को 43 रन से शिकस्त दी जिसमें शार्दुल ठाकुर ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी-20 के इतिहास में सबसे खराब गेंदबाजी रिकॉर्ड बनाया। इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में अनदेखी किए जाने के बाद ठाकुर ने 4 ओवर में 69 रन लुटाए।



*अफनी पारी के दौरान एक शाट खेलता हार्दिक।*

ठाकुर ने मैच के शुरू में संजू सैमसन (04) का विकेट झटका लेकिन फिर उनकी गेंदों पर 6 छक्के और 5 चौके लगे। सलमान निजार ने 49 गेंदों में आठ छक्कों की मदद से नाबाद 99 रन बनाए जिससे अजिंक्य रहाणे की 35 गेंदों में 68 रन की पारी भी फीकी पड़ गई।


## क्लासीफाइड

पंजाब केसरी, जग बाणी तथा हिन्द समाचार (जालंधर), नवोदय टाइम्ज (दिल्ली) में प्रकाशन हेतु अपने क्लासीफाइड विज्ञापन ro@thepunjabkesari.com भेजें।
आप अपने विज्ञापन रात 8 बजे तक हमारे कार्यालय में भी बुक करवा सकते हैं।
सम्पर्क हैड आफिस जालंधर:
0181-5067240, 5067245
Whatsapp No.
91155-00949

### सूचना

मैं, पवन कुमार पुत्र जगपाल राए निवासी मकान नं. 57 एफ, रणजीत नगर, सिऊणा चौक पटियाला कि मेरा लड़का युवराज राए और उसकी पत्नी तमन्ना शर्मा दोनों ही मेरे कहने में नहीं हैं, उनको मैं अपनी चल- अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। उनके साथ लेन- देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। (SHRU51)

I, Rajwinder Kaur W/o No. GS-168023-P Rank DVRMT (SG) Manwinder Singh R/o Vill. Udho Nangal, Tehsil Baba Bakala Sahib, Distt. Amritsar declare that my Husband Service record written by-mistake my name as Rajwinder Kour. But my correct name is Rajwinder Kaur and my date of Birth 5.4.1971, Affidavit No. PB 82778611611813W. (JATMIER81)

### नाम परिवर्तन

मैं, अक्षय पुत्र सीताराम निवासी गांव बड़ाड़ा, डाकखाना गड़खल, तहसील कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) बयान करता हूं कि मैं अपने पुत्र का नाम हार्दिक से बदलकर हार्दिक वर्धन रख रहा हूं। संबंधित नोट करें। (DHARMINDER36)

### ज्योतिष

**251 फीसा बाबा सांबरी बंगाली**

कैसा भी काम 101% गारंटिड समाधान, स्पैशलिस्ट महावशीकरण, सौतन- दुश्मन छुटकारा, आपका प्यार आपका गुलाम बनाऊंगा। 98760-81785. (DRISHTI017)

**सानु जी सम्राट ज्योतिष**

इच्छाधारी वशीकरण और मुठकरनी Specialist !!! पारिवारिक समस्या का 100% समाधान। सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, कर्जा मुक्ति सभी समस्याओं का समाधान। 82683-18888 जीरकपुर, चंडीगढ़। (SHRU75)

### पोल्ट्री

NECC PPFA Punjab Zone Suggestive farm gate egg Price for 30.11.2024 Rs 615/- with tray Trading 636/- per 100 Eggs. (For the information of trade, industry & Farmers) (GLOBAL28)

### आवश्यकता

Required car driver for Automatic car in Sector 12, Panchkula, Timings: 8 AM to 8 PM. Contact : +91 70091-79883. (BRAVES015)

Required Chef/ Cook for home in Sector 12, Panchkula, Timings- 8 AM to 8 PM. Contact : +91 70091-79883. (BRAVES016)

जरूरत है ड्राइवर 7500/-, सफाई कर्मचारी 6000/-, खाना- रहना मुफ्त। संपर्क करें पंजाब मैडीकल सूरानुस्सी, जालंधर 98769-02730. (SOM017)

Dasuya Punjab में बैंक में Office boy/ Document Pickup काम करने हेतु boys चाहिए। Qualification आठवीं, दसवीं, Salary 10185/- Plus petrol, ESI, PF (बाईक जरूरी) 98553-43143, 98880-77964. (SAR18)

Required Regional Sales Manager for Ranaji Icecream for Haryana, Punjab, Chandigarh, Himachal Pradesh, Handsome Salary & Perks. Contact 82218-00694, 93061-35042. (PUNYANK08)

### बिकाऊ

Available for Sale, Eicher PRO 3019, PB10JD5486, Model 2023, Contact : Sundaram Finance Ltd. #82880-40248. (DRISHTI015)

### आवश्यक सूचना

पंजाब केसरी में प्रकाशित विज्ञापनों (क्लिस्ड/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं है। हम इनके दावों की सत्यापित नहीं करते। अतः पाठक इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

# mUMbai OOds

## राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' का रोमांटिक सॉन्ग 'जाना हैरान सा' रिलीज

**ग्लोबल** स्टार राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' 2025 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज डेट नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रशंसकों के बीच फिल्म के प्रति उत्साह



बढ़ता जा रहा है। शंकर के निर्देशन में बन रही फिल्म में राम चरण और कियारा अडवानी की कैमिस्ट्री देखने के लिए उत्सुक हैं। खैर, इंतजार खत्म हुआ, क्योंकि फिल्म का पहला रोमांटिक गाना तेलुगू में 'नाना हिराना, हिंदी में 'जाना हैरान सा' और तमिल में 'लायराणा' रिलीज हो गया है।

बता दें कि तमिल बोल विवेक ने लिखे हैं। वहीं, हिंदी बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। श्री वैंकटेश्वर क्रिएशंस और जी स्टूडियो के बैनर तले दिल राजू और शिरीष द्वारा निर्मित, यह सिनेमाई तमाशा 10 जनवरी, 2025 को तेलुगू, तमिल और हिंदी में दुनियाभर में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन बांद्रा में स्पॉट हुईं।

## 'सिटाडेल हनी बनी' की सक्सैस पार्टी में समांथा, निम्रत ने लूटी महफिल




अमेरिकी टैलीविजन सीरीज सिटाडेल के हिंदी संस्करण में अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने काम किया है। प्राइम वीडियो पर प्रीमियर को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। 'सिटाडेल: हनी बन्नी' की सक्सैस पार्टी रखी गई। पार्टी में सामंथा रूथ प्रभु, माहिरा शर्मा, अवनीत कौर, वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल के साथ, दर्शन कुमार, जहरा एस. खान, वामिका गाबी और निम्रत कौर शामिल हुए। (वीरेंद्र चावला)

*अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी फिल्म पुष्पा 2: द रूल की प्रोमोशन की।*

## निक्की, कैटरीना और डेजी एयरपोर्ट पर हुईं स्पॉट



*अभिनेत्री कैटरीना कैफ सुबह-सुबह एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं और लाइट ऑरेंज रंग का सूट पहन दुपट्टा लहराती दिखाई दीं। उनका यह अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। डेजी शाह और बिग बॉस फेम निक्की तंबोली एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं।*



***सुनिधि चौहान** ने इंस्टा पर अपने बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनके साथ सान्या मल्होत्रा भी नजर आ रही हैं। उन्होंने सिल्वर कलर के स्टाइलिश ब्रालेट के साथ स्कर्ट पेयर की। उनका पानी के बीच अदाएं दिखाने का स्टाइल बेहद ही कातिलाना लग रहा है।*



***मनारा चोपड़ा** ने इंस्टा पर ब्लू टॉप के और मिनी स्कर्ट के साथ हॉट पोज देते हुए फोटोज शेयर की हैं। फोटो के कैप्शन में लिखा, 'क्या आपको यह सॉन्ग याद है, क्या आप जानते हैं कि यह सॉन्ग क्यों स्पैशल है?' फैंस ने उनके सवाल का जवाब दिया है और उनके लुक की बहुत तारीफ की।*

## टैनिस बॉल क्रिकेट लीग में लगाए चौके-छक्के




*बांद्रा में ऑल स्टार्स टैनिस बॉल क्रिकेट लीग (ए.एस.टी.बी.सी.एल.) के शुभारंभ पर कई पूर्व क्रिकेटर, बॉलीवुड व टी.वी. कलाकार मौजूद रहे। गैस्ट ऑफ ऑनर के रूप में बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां अंकिता लोखंडे, शिल्पा शैट्टी, राज कुंद्रा, मौनी रॉय, जैसमीन भसीन और टाइगर श्रॉफ उपस्थित रहे। सितारों ने मैदान में चौके-छक्के भी लगाए।*

परेड की धूम



कैलीफोर्निया में स्वदेशी परेड के दौरान परफार्म करतीं नर्तकियां।

चलो स्नान करें



इसराईल में तालाब के गर्म पानी में स्नान करने जातीं युवतियां।

## हंसगुल्ले



**एक** सास अपनी बहू से बहुत ही परेशान थी क्योंकि वह घर का काम नहीं करती थी। एक दिन सास ने अपने बेटे के साथ सलाह की कि कल मैं सुबह बर्तन साफ करूंगी और तुम मुझे टोकना कि लाओ मां मैं बर्तन साफ कर देता हूं। इस तरह बहू को कुछ तो शर्म आएगी। अगली सुबह जैसे ही मां बर्तन साफ करने लगी तो बेटा बोला, "लाओ मां, मैं बर्तन साफ कर देता हूं, तुम क्यों कर रही हो?"

यह देखकर बहू पति से बोली, "इसमें झगड़े की क्या बात है,एक दिन बर्तन मां साफ कर दिया करेगी, एक दिन तुम कर लिया करना।"

☺☺☺



**स्कूल** में आग लगने के कारण बच्चों को छुट्टी हो गई। सब बच्चे बड़े खुशी से घर जा रहे थे कि अब स्कूल नहीं आना पड़ेगा। पर पप्पू बहुत ही दुखी था। मास्टर जी ने उसे देखा तो पूछा, "बेटा ! सब बच्चे तो इतने खुश हैं पर तुम उदास क्यों हो, क्या स्कूल में आग लगने से दुखी हो?"

पप्पू बोला, "सर! मैं इसलिए उदास हूं कि आग तो सिर्फ स्कूल को लगी है, मास्टर तो सारे बच गए। क्या पता कल पार्क में बिठाकर पढ़ाने लगें।"

## ज्ञानामृत

## कभी हार न मानें

अमरीका के नीग्रो परिवार में पैदा हुए जॉर्ज वाशिंगटन कार्वर जब छोटे थे तभी उनके परिवार को एक रईस ने गुलाम के रूप में खरीद लिया। कार्वर ने मालिक के बच्चों को स्कूल जाते देख अपनी मां से स्कूल जाने की जिद की।

मालिक रहमदिल व्यक्ति था। उसने कार्वर की इच्छा को देखते हुए उसे स्कूल में भर्ती करा दिया। वह मन लगाकर पढ़ते और पूरे तन-मन से अपने मालिक की सेवा भी करते। उनकी योग्यता और सेवाओं से खुश होकर मालिक ने उन्हें दास्ता से मुक्त कर दिया। लेकिन कार्वर के लिए स्थितियां और दुखदायी हो गईं। उन्हें किसी भी कालेज ने यह कहकर दाखिला नहीं दिया कि वह गुलाम हैं।

गुलामों को पढ़ने का अधिकार नहीं होता। पर कार्वर ने हार मानना नहीं सीखा था। उन्होंने अपनी आजीविका के लिए लोगों के कपड़े धोना और प्रैस करना आरंभ कर दिया। समय मिलने पर वह घर पर ही पढ़ते थे।

कई जगहों से उनका आवेदन ठुकराया गया,पर उन्होंने पढ़ाई के लिए अपनी कोशिशें जारी रखीं। इंडियानापोलिस के एक कालेज के प्रिंसीपल नेक इंसान थे।

उन्होंने कार्वर से कहा, "मान लो मैं तुम्हें दाखिला दे भी दूं पर आगे क्या तुम्हें नौकरी मिल पाएगी?" कार्वर बोले, "मेरी शिक्षा सिर्फ पैसे कमाने के लिए नहीं है। मैं इससे समाज का भला करना चाहता हूं।"

प्रधानाचार्य ने कार्वर का आवेदन कालेज की कमेटी के आगे रखा। कार्वर को प्रवेश दे दिया गया। उन्होंने अपनी योग्यता से वहां न सिर्फ सर्वाधिक अंक हासिल किए बल्कि वहीं पर उन्हें शिक्षक भी बना दिया गया। बाद में वह एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक के रूप में उभरे।

## एक्स ट्रैंड्स संभल मस्जिद, धीरेन्द्र शास्त्री, डी.आर.डी.ओ., सुप्रीम कोर्ट, हांगकांग आदि ट्रैंड्स चले।








पहला कार्टून महाराष्ट्र की राजनीतिक स्थिति को लेकर तैयार किया गया है। दूसरा कार्टून मध्य प्रदेश के बजट में लाडली बहना योजना को प्राथमिकता देने की खबर से संबंधित है।

**सफलता उन लोगों को मिलती है जो लगातार कोशिश करते रहते हैं।**



बास्केटबाल प्रतियोगिता के दौरान परफार्म करती चीयरलीडर टैक्सास में।

डांस प्रतियोगिता



तिरुवनंतपुरम में नृत्य प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुति देतीं छात्राएं।



प्रयागराज में मालाएं धारण किए नजर आता साधु।

शंखनाद



'मैसाचुसेट्स' में शंख बजाता व्यक्ति।

पारंपरिक प्रस्तुति



रांची में एक कार्यक्रम के दौरान पारम्परिक प्रस्तुति देते कलाकार।

पंजाब केसरी INTERVIEW फिल्म > आई वांट टू टॉक

# हर आदमी की लड़ाई होती है अपने ही हालात से, वही फिल्म में दिखाई : शूजित सरकार

**अभिषेक** बच्चन स्टारर फिल्म 'आई वांट टू टॉक' 22 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अभिषेक बच्चन के अलावा जॉनी लीवर, पर्ल डे और जयंत कृपलानी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म को शूजित सरकार ने निर्देशित किया है और इसे लिखा रितेश शाह ने है। ये फिल्म एक एन.आर.आई. व्यक्ति अर्जुन सेन की कहानी है, जो कैंसर से जूझ रहा है। फिल्म में बाप-बेटी के रिश्ते को भी बहुत अच्छे से दिखाया गया है। फिल्म के निर्देशक शूजित सरकार ने पंजाब केसरी/नवोदय टाइम्स/जग बाणी/हिंद समाचार से खास बातचीत की और दिलचस्प बातें शेयर की...

**Q जिस तरह का रिस्पांस मिल रहा है, उसे देखकर कैसा लग रहा है?**
-अच्छा लग रहा है। अभी तो हम चाहते हैं कि लोग और देखें और बात करें। इस तरह की फिल्म के लिए तो बहुत सपोर्ट चाहिए क्योंकि इस फिल्म का अपना एक स्टाइल और बेस है।

मैं चाहता हूं कि लोग इस टॉपिक को स्वीकार करें और ज्यादा से ज्यादा देखें।



शूजित सरकार

**Q इस फिल्म का तो नाम भी एकदम अलग है और कांसैप्ट भी तो आपको प्रेरणा किस से मिली ये फिल्म बनाने की?**
-ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। ये मेरे एक दोस्त की कहानी है उन्होंने एक किताब लिखी थी 'राइजिंग अ फादर' और इसी से मैंने प्रेरणा ली। अपने दोस्त से ही बात की थी मैंने क्योंकि मुझे लगा कि इन परिस्थितियों पर फिल्म जरूर बनानी चाहिए।

एक आदमी की लड़ाई होती है अपने ही हालात के साथ और अपने स्वास्थ्य के साथ ताकि वो खुद लड़ सकें उनसे और उन्हें फेस कर सके। मुझे लगा था कि यह फिल्म जरूर बनानी चाहिए। मैं चाहता था कि हम अपने अंदर जो डर लेकर जी रहे होते हैं, उस डर को मैं एड्रैस कर सकूं।

**Q ऐसी फिल्में सबको ही बहुत इमोशनल कर देती हैं तो शूटिंग एक्सपीरियंस कैसा रहा?**
-शूटिंग एक्सपीरियंस काफी इंटैंस रहा क्योंकि इसमें बाप और बेटी के बीच में जो सिचुएशन है, उसमें बहुत शांति भी है और बहुत कुछ कहना भी चाहते हैं। दोनों अपनी आंखों और चुप्पी से कहते भी हैं।

कुछ चीजें ऐसी भी हैं जो अभिषेक अपने अंदर रख भी लेते हैं, वो बोल नहीं पाते हैं। ये सब चीजें शूट करना आसान नहीं था। कहीं न कहीं तो असर कर ही देती हैं।

**Q कोई ऐसा सीन है जो शूटिंग करते वक्त आपके दिल को छू गया हो और उससे निकल पाना मुश्किल हुआ हो?**
-एक सीन था, जब बेटी अपने पिता को कहती है कि आपने मुझसे झूठ बोला है और पिता कहता है कि नहीं, मैंने नहीं बोला है। तब वो कहती है कि मुझे दिखाओ, मैंने बाहर सुना है कि आप बहुत ड्रामा करते हो। तब वो दिखाते हैं उनको और उनकी छोटी-सी बेटी देखती है।

तब उसे लगता है कि उसके पिता ने झूठ नहीं बोला है, शायद दुनिया में कुछ लोग हैं जिन्होंने यह झूठ बोला है। यह सीन हमारे लिए बहुत दिल पर असर करने वाला था।

**Q इस फिल्म को बनाने में कैसी दिक्कतों का आपने सामना किया?**
-इसका एक ही सबसे बड़ा चैलेंज था कि यह पूरी फिल्म अमरीका में शूट हुई। नॉर्मली वहां पर लोग जाते हैं और थोड़ी-सी शूटिंग करके आ जाते हैं लेकिन ये तो पूरी फिल्म ही वहां पर बेस थी।

जब कोई फिल्म वहां बेस कर देते हैं तो उसमें टाइम और दिक्कतें भी आती हैं और मैं कभी वहां गया भी नहीं था। वहां की चीजें, शूटिंग, दूरी और लोगों को कैसे डील करना है, उसमें थोड़ी दिक्कतें आई थीं।

**Q कास्टिंग का क्या प्रोसैस था? क्या पहली पसंद थी अभिषेक ही थे?**
-अभिषेक बच्चन ही हमारे दिमाग में थे और उन्हें सोचकर ही हमनें पूरी फिल्म लिखी थी लेकिन अभिषेक को अप्रोच हमने बाद में किया था।

**Q आपने इस फिल्म के लिए कैसे अपने एक्टर्स को गाइड किया?**
-इसमें मुझे एक ये फायदा था कि बेटी है जो, उनके फादर भी उसी उम्र के हैं। अभिषेक की भी एक बेटी है तो कहीं न कहीं एक जुड़ाव दिखा सबको इससे। सबको लगा कि ऐसे सिचुएशन से कहीं न कहीं गुजरे हैं हम। इसको इस्तेमाल करके मैंने सबको फिल्म समझाई।

खासतौर पर पिता की बात करें तो पिता कम एक्सप्रैसिव होते हैं। वो एक्सप्रैसिव चीजों को मैंने समझाया कि कहां-कहां हमें एक्सप्रैसिव नहीं होना है। वही कहीं न कहीं आगे जाकर एक दूरी पैदा कर देता है। ऐसे ही मैंने सबको समझाया।

**Q इस फिल्म से आपने पर्सनली और एक फिल्ममेकर के तौर पर क्या कुछ सीखा?**
-प्रोफेशनली तो एक ही चीज है कि आप कहानी बोलते रहिए आपमें जो है, आज नहीं तो कल नहीं तो किसी वक्त कोई न कोई ऑडियंस खुद को इससे रिलेट कर ही लेंगे। आपसे दर्शक जुड़ ही जाएंगे। पर्सनली यही सीखा है कि छोड़ना नहीं है कुछ।

जिंदगी में उतार-चढ़ाव तो आते रहते हैं, उनको हंसते हुए अपनाना और रोज जिंदगी जीना। हम बोलते तो हैं कि पॉजिटिवली देखें लेकिन कैसे देखें, वो इस किरदार ने मुझे सिखाया है।

# जेलेंस्की को अमरीकी सहायता कम होने का डर, बढ़ाए कर

कीव, 29 नवम्बर (इंट.): अमरीका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जनवरी में पदभार ग्रहण करेंगे लेकिन उससे पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सैन्य करों को तिगुना से भी ज्यादा बढ़ा दिया है।



उनका यह कदम उन आशंकाओं के बीच उठाया गया है जिसमें कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने पर अमरीका यूक्रेन को अपनी वित्तीय मदद कम कर सकता है।

दरअसल, अपने चुनाव अभियान के दौरान ट्रम्प ने बार-बार यूक्रेन-रूस युद्ध को खत्म करने का वादा किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने एक कानून पर दस्तखत कर 2025 तक सैन्य कर को 1.5 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है, जो तीन गुना से ज्यादा है। यूक्रेन के वित्त मंत्री सेरही मार्चको ने कहा कि इस कानून के बन जाने से यूक्रेन को रक्षा क्षेत्र के लिए अत्यधिक धन मिल सकेगा।

इतना ही नहीं, जेलेंस्की ने आयकर में भी बढ़ौतरी की है। अब 1 दिसंबर से यूक्रेनियों को व्यक्तिगत आय पर भी 5 फीसदी टैक्स देना होगा। इस कदम से सरकार 3.4 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि जुटा सकेगी। इस विधेयक में बैंक मुनाफों पर भी 50 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला किया गया है।

साफ है कि जेलेंस्की सरकार ने करों में बढ़ौतरी ट्रंप की ताजपोशी से पहले की है। एक दिन पहले ही ट्रंप ने कीथ केलॉग को यूक्रेन और रूस के लिए विशेष दूत के रूप में नामित किया है।

केलॉग ने भी मई में एक योजना जारी कर कहा था कि यूक्रेन को सैन्य सहायता तब तक बंद कर दी जानी चाहिए, जब तक कि वह रूस से शांति वार्ता न करे।

केलॉग ने दोनों देशों के बीच संघर्ष को अपनी-अपनी सीमा रेखा में ही रखने की वकालत की थी।

## उत्तर कोरिया पहुंचे रूस के रक्षा मंत्री

**सियोल (प.स.):** रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए उत्तर कोरिया पहुंचे। मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया गया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है।



उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की तुरंत पुष्टि नहीं की। पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में 5वां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था।

बेलौसोव की यह यात्रा दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव के नेतृत्व में यूक्रेन के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसमें येओल ने दोनों देशों से उत्तर कोरिया द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहायता के लिए हजारों सैनिकों को रूस भेजने के जवाब में जवाबी कदम की तैयारी का आह्वान किया था।

## ट्रम्प की वापसी से पहले भारतीय छात्रों को मिल रही वार्निंग, विश्वविद्यालयों ने तुरंत लौटने को कहा

वॉशिंगटन, 29 नवम्बर (इंट.): अमरीका में डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी से पहले विश्वविद्यालय अपने छात्रों को चेतावनी दे रहे हैं। विश्वविद्यालय भारतीयों समेत विदेशी छात्रों से 20 जनवरी को ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से पहले अपने शीतकालीन अवकाश से लौटने को कह रहे हैं।

छात्रों को जारी किए गए परामर्श में कहा गया है कि संभावित यात्रा प्रतिबंधों और एंट्री प्वाइंट्स पर बढ़ती जांच से बचने के लिए ऐसा किया गया है। माना जा रहा है कि जब ट्रम्प सत्ता में आएंगे तो अमरीका जाना लोगों के लिए मुश्किल हो जाएगा।

छात्रों ने कहा कि यूनिवर्सिटी के अधिकारी चुनाव अभियान के दौरान ट्रम्प की उस धमकी से परेशान हैं, जिसमें उन्होंने अमरीकी इतिहास में अवैध प्रवासियों को सबसे बड़े पैमाने पर निर्वासित करने की बात कही थी।



### जल्दी शुरू होंगी कक्षाएं

कुछ संस्थानों ने ट्रम्प की वापसी से पहले अपने एकैडमिक कैलेंडर को एडजस्ट किया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक ओरेगन के सलेम में विलमेट यूनिवर्सिटी में डाटा साइंस में एक पोस्ट-ग्रैजुएट छात्र ने बताया कि उनकी कक्षाएं आमतौर पर साल के पहले सप्ताह बाद शुरू होती हैं। हालांकि इस बार शैक्षणिक कार्यक्रम 2 जनवरी से शुरू हो रहा है।

हालांकि, वैध वीजा वाले भारतीय छात्रों पर इसका कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा कि जोखिम नहीं लेना चाहिए।

## भारत फिर बना संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

न्यूयॉर्क, 29 नवम्बर (प.स.): भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पी.बी.सी.) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्त्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पी.बी.सी. के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## महाराष्ट्र में शपथ ग्रहण समारोह में देरी, सत्ता बंटवारे का फार्मूला अधर में लटका

ऑफ द रिकॉर्ड

महाराष्ट्र में 2 दिसम्बर को होने वाला नई महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि एकनाथ शिंदे अभी भी राजनीतिक वास्तविकता से काफी दूर हैं।

वह भले ही अढ़ाई साल से मुख्यमंत्री हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि भाजपा सत्ता की बागडोर अपने हाथ में ले और अपना खुद का मुख्यमंत्री बनाए। शिंदे को इस भारी नुकसान को पचाने के लिए समय चाहिए।

शिंदे बगावत करने नहीं जा रहे हैं और उनकी शिवसेना (शिंदे) नई सरकार का हिस्सा होगी। भाजपा शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है क्योंकि इससे एकता का स्पष्ट संदेश जाएगा। शिंदे महाराष्ट्र में महायुति के संयोजक पद के लिए सौदेबाजी कर रहे हैं और इस मुद्दे पर भाजपा आलाकमान फैसला करेगा।

हालांकि भाजपा तैयार हो सकती है, लेकिन अजीत पवार (राकांपा) बारी-बारी से यह पद चाहते हैं। दूसरी बात यह कि महायुति गठबंधन सरकार का शपथ ग्रहण समारोह जो 2 दिसम्बर को होना था, अब 5 दिसम्बर को होने की संभावना है। अपने सहयोगी दलों को दिए जाने वाले मंत्री पदों की संख्या के अलावा उनके विभागों पर भी निर्णय होना है।

शपथ ग्रहण में देरी की मुख्य समस्या यह है कि शिंदे उपमुख्यमंत्री बनने को अनिच्छुक हैं। लेकिन सरकार से बाहर रहकर वह कैसे टिक पाएंगे और उनके विधायक भी कमजोर पड़ सकते हैं और उनके लिए विधानसभा चुनावों में मिली बढ़त को भी बरकरार रखना मुश्किल हो सकता है।

## कैमरून में नाव पलटने से 20 की मौत

याउंडे, 29 नवंबर (वार्ता): कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है। इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है।

सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

